हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 177, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 27 दिसम्बर, 2023 दिन बुधवार गाजीपुर/वाराणसी

वीर बाल दिवस हमें सिख गुरुओं के बलिदान को याद दिलाता है

सीएम आवास पर गुरुवाणी, योगी ने गुरु ग्रंथ साहिब को सिर-माथे किया धारण

लखनऊ। वीर बाल दिवस हमें सिख गुरुओं के बलिदान को याद दिलाता है। गुरु गोविंद सिंह के चारों पुत्रों ने धर्म और देश की रक्षा के लिए हंसते-हंसते प्राणों की आहुति दे दी। यह इतिहास युवा पीढ़ी तक पहुंचाना होगा, ताकि वे अपने बलिदानियों की गौरवगाथा के बारे में जानें। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को सीएम आवास में आयोजित विशेष संकीर्तन कार्यक्रम के दौरान कहीं। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आवास में गुरु ग्रंथ साहिब का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब को सिर-माथे पर धारण कर उन्हें मुख्यमंत्री आवास में आसीन कराया। इस अवसर सीएम आवास में गुरुवाणी, अरदास एवं लंगर का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री योगी को प्रदेशभर से आए सिख प्रतिनिधियों की ओर से सिरोपा भेंट किया गया। कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक मंडल और जनपद स्तर पर वीर बालकों का सम्मान किया जाना चाहिए। साथ ही प्रदेश में सिख गुरुओं से संबंधित सभी स्थलों को चिह्नित करते हुए उनके विकास के लिए कार्य किये जाएंगे।

सीएम योगी ने गुरु गोविंद सिंह जी को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने अपने चार-चार पुत्र देश और धर्म की रक्षा करते हुए बलिदान कर दिए। जब गुरु गोविंद सिंह जी से पूछा गया कि आपके चार पुत्र शहीद हुए, उस समय उनके मुख से यही निकला था कि चार हुए तो क्या हुआ, जीवित हुए हजार। ऐसे कार्यक्रम उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर हैं। उसी क्रम में मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कार्यक्रम में सिख गुरुओं को नमन करने का आज अवसर है। उन्होंने कहा कि मां गुजरी के सानिध्य में जो संस्कार साहिबजादों को मिले उसी का परिणाम है कि वे अधर्म के सामने नहीं झुके। धर्म और देश के लिए लड़ते-लड़ते अपने प्राणों की आहूति दी। हर युवा और बच्चे को आज का दिन नई प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने लखनऊ के सिखों को धन्यवाद देते हुए कहा कि सभी ने 2020 से लगातार इस बात को उठाया कि भारत के इतिहास में सर्वोच्च बलिदान देने वाले साहिबजादों को आखिर क्यों विस्मृत कर दिया गया। जिन साहिबजादों के बलिदान दिवस को बाल दिवस के रूप में मनाना चाहिए, उसकी जगह किसी और घटना को बाल दिवस से जोड़ दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और प्रेरणा से दोनों साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के बलिदान दिवस को आज पूरा देश वीर बाल दिवस के रूप में मना रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख गुरुओं का बलिदान व्यक्तिगत या परिवार के लिए नहीं था, बल्कि उनका बलिदान देश और धर्म के लिए था। गुरु नानक भक्ति में रमे हुए एक संत थे। भक्ति का जागरण करते थे, निर्भीकता उनका गुण था। बाबर को चुनौती देने का कार्य उन्होंने उस कालखंड में किया था। सिख गुरुओं ने कभी चैन से बैठकर अपने स्वयं के लिए नहीं सोचा। देश के अलग अलग क्षेत्रों में गुरुओं द्वारा कई परंपराएं शुरू की गईं। कहीं लंगर की परंपरा शुरू हुई तो कहीं सरोवरों के माध्यम से नई प्रेरणा प्रदान की गई। गुरु अर्जन देव ने जहांगीर के अत्याचारों का डटकर मुकाबला किया। तो कश्मीरी पंडितों पर होने वाले वाले अत्याचारों के खिलाफ गुरु तेग बहादुर ने स्वयं को बलिदान कर दिया। दुनिया में अंदर हमें ऐसा अद्भुत इतिहास कहीं नहीं देखने को मिलता है कि गुरु गोविंद सिंह जो एक बलिदानी पिता के पुत्र हैं और अपने चार पुत्रों को भी उन्होंने देश और धर्म के लिए बलिदान कर दिया। सीएम योगी ने कहा कि गुरु ग्रंथ साहिब हमें परिश्रम और पुरुषार्थ के साथ देश और धर्म के लिए अपना सबकुछ न्यौछावर करने की प्रेरणा देता है।

वंदे भारत, तेजस और शताब्दी समेत 50 से अधिक ट्रेनें लेट, कोहरा बना मुसीबत; यात्री परेशान

कानपुर। नौबस्ता के राकेश वंदे भारत एक्सप्रेस से वाराणसी जाने के लिए सेंट्रल स्टेशन पर 10 बजे पहुंच गए, लेकिन ट्रेन लगभग साढ़े 11 बजे आई। नई दिल्ली के लिए जाने वाली वंदे भारत भी वाराणसी से देरी से आई। इससे यात्री परेशान रहे। ऐसे ही सेंट्रल स्टेशन पर सोमवार को यात्री 50 से अधिक ट्रेनों की लेटलतीफी को लेकर मुश्किल में दिखे। जरूरी काम से निकले यात्री हर दिन परेशान में फंस रहे हैं। कारण, कोहरा और धुंध रहा। इससे ट्रेनों की बिगड़ी चाल है। रेलवे के पास इससे बचाव का कोई तंत्र नहीं है। फाग सेफ डिवाइस लगाई गई हैं पर उनसे केवल सिग्नल आने की जानकारी मिलती है। वह हरा है या लाल, ये जानकारी नहीं मिलने से वो भी शोपीस जैसे हैं। रेल अधिकारी भी मानते हैं कि अब तक कोहरे से बचाव का कोई ठीक तंत्र विकसित नहीं किया जा सका है। सोमवार को नई दिल्ली से वाराणसी जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस सेंट्रल स्टेशन पर निर्धारित समय के बजाय लगभग डेढ़ घंटा देरी से आई। 10 मिनट रुकने के बाद ट्रेन लगभग 11:35 बजे यहां से रवाना हुई। इससे प्रयागराज व वाराणसी देरी से पहुंची। इसी तरह वापसी में वाराणसी जंक्शन से ट्रेन एक घंटा देरी से चली। इसलिए सेंट्रल पर शाम साढ़े छह बजे के स्थान पर ट्रेन 7:50 बजे पहुंच सकी।

'वीर बाल दिवस' भारतीयता की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने का प्रतीक : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में भारत मंडपम में वीर बाल दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। दिल्ली के भारत मंडपम में 'वीर बाल दिवस' समारोह पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "...'वीर बाल दिवस' भारतीयता की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने का प्रतीक है।" प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "आज देश वीर साहिबजादों के अमर बलिदान को याद कर रहा है और उनसे प्रेरणा ले रहा है। आजादी के अमृतकाल में वीर बाल दिवस के रूप में एक नया अध्याय प्रारंभ हुआ है। पिछले वर्ष 26 दिसंबर को देश ने पहली बार 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के तौर पर मनाया था तब पूरे देश में सभी ने भाव विभोर होकर साहिबजादों के वीर कथाओं को सुना था। वीर बाल दिवस भारतीयता रक्षा के लिए कुछ भी कर गुजरने के संकल्प का प्रतीक है। ये दिन हमें याद दिलाता है कि शौर्य की पराकाष्ठा के समय कम आयु मायने नहीं रखती ।"

साल 2022 में आज के दिन पहली बार मना था 'वीर बाल दिवस'- पीएम ने कहा, "पिछले साल देश ने पहली बार 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के तौर पर मनाया था। तब पूरे देश में सभी ने भाव विभोर होकर साहिबजादों की वीर गाथाओं को सुना था। वीर बाल दिवस भारतीयता की रक्षा के लिए कुछ भी कर गुजरने के संकल्प का प्रतीक है। ये दिन हमें याद दिलाता है कि शौर्य की पराकाष्ठा के समय कम आयु मायने नहीं रखती।" आज देश वीर साहिबजादों के अमर बलिदान को याद कर रहा है, उनसे प्रेरणा ले रहा है। आजादी के अमृतकाल में 'वीर बाल दिवस' के रूप में एक नया अध्याय प्रारंभ हुआ है।

'वीर साहिबजादों को पूरी दुनिया जानेगी'- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मौके पर कहा, "मुझे खुशी है कि वीर बाल दिवस अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मनाया जाने लगा है। ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, वअए और ग्रीस में भी वीर बाल दिवस से जुड़े कार्यक्रम हो रहे हैं। भारत के वीर साहिबजादों को पूरी दुनिया और ज्यादा जानेगी...।"

'हम सागरतल से भी ढूंढ निकालेंगे', समुद्री जहाज पर हुए ड्रोन अटैक पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की दो टूक

मुंबई। हिंद महासागर में भारत की ताकत और बढ़ चुकी है। चीन और पाकिस्तान को चुनौती देने के लिए आईएनएस इंफाल तैयार है। स्वदेश में निर्मित स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक आईएनएस इंफाल मंगलवार को मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में आयोजित समारोह में नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया। इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और भारतीय नौसेना के अधिकारी मौजूद थे।



भारतीय नौसेना की बढ़ेगी ताकतः रक्षा मंत्री- इस कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए राजनाथ सिंह ने कहा,"आईएनएस इंफाल की सबसे बड़ी ताकत है कि यह पूर्ण स्वदेश में निर्मित की गई युद्धपोत है। आईएनएस इंफाल भारत की नौसेना को और ताकतवर बनाएगा।" इस युद्धपोत का नाम इंफाल रखा गया है जो नॉर्थ ईस्ट की ग्लोरी को दशार्ता है। आईएनएस इंफाल विशाखापट्टनम क्लास के अंतर्गत आता है। आईएनएस इंफाल पर ब्रह्मोस एयर फोर्स ने ब्रह्मोस मिसाइल लॉन्च किया गया। भेल ने मीडियम रेंज मिसाइल लॉन्च किया। इसके अलावा कई सारे स्टार्ट्स अप भी इसके निर्माण में शामिल हैं। भारत के अलग-अलग शक्तियों के जरिए आईएनएस इंफाल का निर्माण हुआ है। राजनाथ सिंह ने आगे कहा इंटरनेशनल ट्रेड की दृष्टि से देखा जाए तो भारत एक द्वीप देश है। दरअसल ज्योग्राफी दो प्रकार के होते हैं, फिजिकल ज्योग्राफी और ह्यूम ज्योग्राफी। फिजिकल ज्योग्राफी में पहाड़ और पठार आते हैं। वहीं, ह्यूमन ज्योग्राफी में मनुष्य का समाज और सभ्यता आती है। दरअसल, उत्तर में हिमालय के कारण और पश्चिम में पाकिस्तान के शत्रुतापूर्ण व्यवहार के कारण वहां से हमारा ट्रेड नहीं हो पाता। हमारा ज्यादातर गुड ट्रेड्स समुद्र की ओर से होता है। राजनाथ सिंह ने आगे कहा, आजकल समुद्र में हलचल कुछ ज्यादा बढ़ गई है, भारत की बढ़ती ताकत से कुछ देशों को ईर्ष्या से भर दिया है। अरब और लाल सागर में जहाजों पर हुए ड्रोन हमले को भारत ने बहुत ही गंभीरता से लिया है। भारतीय नौसेना ने समुद्र की निगरानी बढ़ा दी है। जिन्होंने भारत के खिलाफ कार्रवाई की है, उन्हें हम समुद्र तल से भी ढूंढ निकालेंगे।

अमित शाह ने सिख गुरु गोबिंद सिंह को किया नमन, कहा- उनकी वीरता भविष्य को प्रेरित करेगी

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को वीर बाल दिवस के मौके पर सिख गुरु गोबिंद सिंह, उनके पुत्रों और पत्नी माता गुजरी को नमन किया। बता दें कि 26 दिसंबर वीर बाल दिवस के तौर पर मनाया जाता है। अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, 'वीर बाल दिवस के मौके पर मैं गुरु गोबिंद जी के चार साहिबजादों और माता गुजरी जी को नमन करता हूं। पूरे साहस के साथ वे क्रूर मुगल शासन के खिलाफ खड़े हुए और धर्म परिवर्तन को इनकार करते हुए शहादत को चुना। उनकी ये अतुलनीय वीरता आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।' उन्होंने आगे कहा कि उनके शहादत दिवस को वीर बाल दिवस घोषित करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके बलिदान की कहानी को पूरी दुनिया में फैलाया। नौ जनवरी 2022 को गुरु गोविंद सिंह की जयंती के मौके पर पीएम मोदी ने हर साल 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी।

रुड़की में दर्दनाक हादसा, ईंट भट्टे की दीवार गिरी मलबे में दबकर छह मजदूरों की मौत, दस घायल

रुड़की। उत्तराखंड के रुड़की में मंगलवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। मंगलौर कोतवाली के लहबोली गांव में ईंट भट्टे की दीवार अचानक गिर गई। इस दौरान आधा दर्जन से ज्यादा मजदूर मलबे के नीचे दब गए। इस दौरान छह मजदूरों के शव निकाले गए, जबकि दस मजदूर घायल हो गए, जिसमें से दो की हालत गंभीर है। जानकारी के अनुसार, सुबह ईंट पकाने के लिए चिमनी में ईंट भरते समय हादसा हुआ। मजदूर काम कर ही रहे थे कि दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। इससे पहले कोई कुछ समझ पाता दीवार के पास खड़े मजदूर मलबे में दब गए। एसपी देहात समेत पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। मंगलौर कोतवाली प्रभारी प्रदीप बिष्ट ने बताया कि अब पांच शव बाहर निकाले गए थे। जबकि तीन मजदूरों की हालत गंभीर बनी थी, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां एक मजदूर ने

दम तोड़ दिया। वहीं, एसएसपी और डीएम ने भी मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया और ग्रामीणों से बात की। मृतकों के परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा किया। साथ ही शव उठाने से इंकार कर दिया है। जिसे लेकर ग्रामीणों और पुलिस में तीखी नोकझोंक हो गई। मौके पर आस-पास के थानों और कोतवाली का फोर्स बुलाया गया। वहीं जिलाधिकारी और एसएसपी की ओर से ग्रामीणों को समझने का प्रयास किया गया। लेकिन ग्रामीण की 10 से 15 लाख रुपये का मुआवजा देने की मांग पर अड़े रहे। करीब एक घंटे हंगामे के बाद मुआवजे की मांग पूरी होने पर ग्रामीणों ने शव उठने दिए। मृतक के परिजनों को ईंट भट्ठा मालिक की ओर से साढ़े तीन-तीन लाख और मुख्यमंत्री की ओर से ढाई-ढाई लाख की धनराशि मुआवजे के रूप में देने की घोषणा की गई है। इसके बाद पुलिस ने पांचों शवों को पोस्टमार्टम के लिए रुड़की सिविल अस्पताल भेज दिया।

मैनपुरी पहुंचीं डिंपल यादवः बोलीं- नहीं मिलेगा निमंत्रण तो भी जाएंगे राम मंदिर

मैनपुरी। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी पहुंचीं सपा सांसद डिंपल यादव ने कहा कि राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम का निमंत्रण अगर नहीं मिलता है तो भी हम जाएंगे। भले ही निर्धारित तिथि के बाद जाएं। आराध्य को राजनीति में नहीं बांधना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को नहीं बुलाने की मांग भाजपा की सोच को उजागर करती है। भगवान राम की बात करना ही पर्याप्त नहीं है उनके आदर्श को भी अपने जीवन में उतारना चाहिए। सांसद डिंपल यादव सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष ज्योती मैसी के आवास पर पत्रकारों से वार्ता कर रही थी। उन्होंने कहा कि देश की संसद से 142 सांसदों का एकसाथ निलंबन दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। विश्व में ऐसा किसी भी देश में नहीं हुआ है। सरकार पूरी तरह डरी हुई है। केंद्र की भाजपा सरकार ने पांच साल के कार्यकाल में ईडी, सीबीआई, आयकर टीम का जमकर दुरुपयोग किया है। कहा कि सरकार सच बात सुनना नहीं चाहती है। सदन में चर्चा कराने से डरती है। तमाम तरह की बातों को उछालकर जनता का ध्यान भटकाया जा रहा है। सरकार पांच किलो आटा देने का दावा तो करती है लेकिन बेरोजगारों को नौकरी देने की दिशा में कदम नहीं बढ़ाना चाहती है। सांसद डिंपल यादव ने कहा कि कुश्ती संघ के अध्यक्ष के चुनाव में भी सरकार के लोग शामिल रहे हैं। सांसद ब्रजभूषण सिंह के करीबी को ही अध्यक्ष बनवा दिया गया है। आतंकी हमले में चार जवानों और तीन नागरिकों की हत्या सरकार के दावों की पोल खोल रही है। सरकार जहां पत्थर तक नहीं चलने का दावा कर रही है वहीं आतंकी सेना के जवानों की हत्या कर रहे हैं। सरकार को आतंकवाद के मामले में तथ्य देश की जनता के सामने लाने चाहिए। इस दौरान सपा जिला अध्यक्ष आलोक शाक्य, विधायक किशनी बृजेश कठेरिया, पूर्व सदर विधायक राजकुमार यादव, जिला महासचिव रामनारायण बाथम, सुबोध यादव, उपदेश यादव, कमल वर्मा, मानवेंद्र सिंह, देवेंद्र यादव एडवोकेट, देवेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

बिहार के 4 लाख नियोजित शिक्षकों के लिए खुशखबरी! नीतीश कैबिनेट ने दिया राज्यकर्मी का दर्जा

पटना। पंचायती राज एवं नगर निकाय संस्था अंतर्गत नियुक्त कार्यरत शिक्षक पुस्तकालय अध्यक्ष को राज्य सरकार ने राज्यकर्मी का दर्जा देने का निर्णय लिया है। अधिसूचना के बाद पंचायती राज एवं नगर निकाय संस्था अंतर्गत नियुक्त कार्यरत शिक्षक राज्यकर्मी माने जाएंगे। राज्य में प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा के प्रभावी प्रबंधन और शिक्षा में गुणवत्ता में सुधार व शैक्षणिक वातावरण के निर्माण के लिए यह निर्णय लिया है। इसके लिए बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली 2023 स्वीकृत की गई है। मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। आज की बैठक में कल 29 प्रस्ताव स्वीकृत किए गए। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कैबिनेट के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने बताया कि अभी यह शिक्षक विशिष्ट शिक्षक माने जाएंगे। इन्हें भविष्य में तीन बार परीक्षा देने का मौके मिलेंगे। परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद में बीएससी परीक्षा देने के बाद भी पास ना होने की स्थिति या परीक्षा न देने की स्थिति में इन शिक्षकों का क्या होगा इसका निर्णय बाद में लिया जाएगा। शिक्षकों को परीक्षा के दौरान तीन जिलों का विकल्प देना होगा जहां भी सेवा देना चाहते हैं। इन्हें भविष्य में प्रोन्नति का लाभ भी दिया जाएगा। कक्षा 1 से 5 के

शिक्षकों को 8 वर्ष में प्रोन्नति दी जाएगी। इसी प्रकार कक्षा 6 से 8 में आठ वर्ष, 9 से 10 और 11 से 12 के शिक्षकों को भी आठ वर्ष में ही प्रोन्नति का लाभ मिलेगा। मंत्रिमंडल ने राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आधारभूत संरचना समग्र समावेशी विकास एवं निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए बिहार पर्यटन नीति 2023 स्वीकृत की है। सरकार ने माना है कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में पर्यटन क्षेत्र का विकास आर्थिक एवं सामाजिक गतिविधियों को भी प्रभावित करता है। विश्व के कई देशों जैसे श्रीलंका, मलेशिया, थाईलैंड तथा देश के कई राज्यों जैसे जम्मू कश्मीर, गोवा, सिक्किम, राजस्थान की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार पर्यटन क्षेत्र है। लिहाजा सरकार ने राज्य के लिए नई पर्यटन नीति 2023 स्वीकृत की है। नीति के अंतर्गत विश्व स्तरीय आधारभूत संरचना का निर्माण, उत्पादों एवं संरचनाओं का निर्माण, कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभाशाली कार्यबल का विकास, पर्यटक सुरक्षा एवं उत्कृष्ट सुविधा के लिए उच्चतम मानक पर जोर देना, सर्वोत्तम श्रेणी की प्रोधोगिकी को लागू करना इस नीति का उद्देश्य होगा। नीति लागू होने के बाद पर्यटन क्षेत्र में आशा अतीत वृद्धि होगी जिसे राज्य में आर्थिक गतिविधियां बढ़ेगी साथ ही रोजगार एवं व्यापार की संभावनाएं भी सृजित होगी। पर्यटन नीति के अंतर्गत पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लाभुको को एवं निवेशकों को वित्तीय प्रोत्साहन किया जाएगा।

'पीएम सेल्फी बूथ टैक्सपेयर्स के पैसे की बबार्दी' खरगे ने लगाया आरोप

नई दिल्ली। रेलवे स्टेशनों पर प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीरों के साथ लगे 'सेल्फी बूथ' पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने तंज कसा है। खरगे ने कहा कि ऐसे सेल्फी बूथ को स्थापित करना करदाताओं के पैसे की बबार्दी है। यहां विपक्षी राज्य मनरेगा फंड का इंतजार कर रहे हैं। सोशल मीडिया X (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए खरगे ने कहा, 'मोदी सरकार द्वारा आत्म-मुग्ध प्रचार की कोई सीमा नहीं है'! उन्होंने कहा, 'रेलवे स्टेशनों पर मोदी 3डी सेल्फी पॉइंट स्थापित करके करदाताओं के पैसे की पूरी तरह से बबार्दी की जा रही है।' कांग्रेस प्रमुख ने आरोप लगाया कि पहले, सशस्त्र बलों को प्रधानमंत्री के प्रमुख कट-आउट के साथ 822 ऐसे सेल्फी पॉइंट स्थापित करने का आदेश देकर देश के बहादुर सैनिकों के खून और बलिदान का राजनीतिक उपयोग किया गया था। मोदी सरकार ने राज्यों को सूखा और बाढ़ राहत नहीं दी है। विपक्ष शासित राज्यों की मनरेगा निधि भी लंबित है। लेकिन, वह इन चुनावी स्टंटों पर सार्वजनिक धन खर्च करने का दुस्साहस कर रहे है।' खरगे ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत प्राप्त उत्तर की एक प्रति भी साझा की, जिसमें मध्य रेलवे के तहत

उन स्टेशनों को सूचीबद्ध किया गया है जहां अस्थायी और स्थायी सेल्फी बूथ स्थापित किए गए हैं। आरटीआई के मुताबिक, कैटगरी 'ए' स्टेशनों के लिए अस्थायी सेल्फी बूथ की स्वीकृत लागत 1.25 लाख रुपये है। जबकि कैटेगरी 'सी'स्टेशनों के लिए स्थायी सेल्फी बूथ की स्थापना लागत 6.25 लाख रुपये है।

संपादकीय

शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल पर आरोप बनाम कट्टर ईमानदारी

प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाला मामले में पूछताछ के लिए तीसरी बार नोटिस भेजा है। पहली बार वे इस तर्क पर हाजिर नहीं हुए कि ईडी ने अपने पत्र में उन्हें बुलाने का स्पष्ट कारण नहीं बताया था। तब उन्होंने पूछा था कि उन्हें किस हैसियत से बुलाया गया है, दिल्ली के मुख्यमंत्री या फिर आम आदमी पार्टी के संयोजक की हैसियत से। दूसरी बार के नोटिस पर भी उन्होंने लगभग इसी आशय का पत्र लिख कर स्पष्टीकरण मांगा और कहा था कि ईडी का नोटिस राजनीति से प्रेरित है। हालांकि इस महीने मिले नोटिस में दिए गए समय पर वे अपने पहले से तय विपश्यना कार्यक्रम के लिए बाहर रहने वाले थे। अब शायद उनके पास ऐसा कोई तर्क न हो। अरविंद केजरीवाल लगातार बयान देते रहे हैं कि वे कट्टर ईमानदार व्यक्ति हैं और उनके पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है। इसलिए स्वाभाविक ही पूछा जाता है कि अगर ऐसा है तो वे प्रवर्तन निदेशालय के सवालों से बचने का प्रयास क्यों कर रहे हैं। उन्हें निदेशालय के सामने अपना पक्ष रखना ही चाहिए, ताकि स्पष्ट हो सके कि वे वास्तव में ईमानदार हैं और शराब घोटाले में उनकी कोई भूमिका नहीं रही है। मगर शराब घोटाले संबंधी जांच को पहले ही दिन से राजनीतिक रंग दे दिया गया। पहले तो आम आदमी पार्टी के नेता जबानी बयान देकर यह साबित करने की कोशिश करते रहे कि नई आबकारी नीति पूरी तरह कानून सम्मत थी और उसके तहत किसी प्रकार का घोटाला हुआ ही नहीं। फिर उपराज्यपाल के जरिए केंद्र सरकार पर निशाना साधते रहे कि वह दिल्ली सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रही है और उसे काम नहीं करने देना चाहती। मगर शराब घोटाला संबंधी जांचों में मिले तथ्यों के आधार पर आम आदमी पार्टी के दो नेता सलाखों के पीछे जा चुके हैं। मनीष सिसोदिया और संजय सिंह दोनों की जमानत अर्जियों पर सुनवाई करते हुए अदालत कह चुकी है कि प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से दोनों के इस घोटाले में शामिल होने के तथ्य मिले हैं। इसलिए अब दिल्ली सरकार और आम आदमी पार्टी के पास यह तर्क नहीं रह गया है कि दिल्ली शराब घोटाला उपराज्यपाल की तरफ से रची गई साजिश जैसा बेबुनियादी मामला है। इस मामले को लेकर पहले ही काफी भ्रम फैलाया जा चुका है, अब इसकी हकीकत पर से पर्दा उठने का इंतजार सभी को है। यह तभी हो सकता है, जब इससे संबंधित जांच पूरी हो सकें। जब भी किसी सत्ताधारी दल या उसके नेता पर किसी अनियमितता के आरोप लगते हैं, तो वे प्रायः उन्हें बेबुनियाद और सरकार को अस्थिर करने की साजिश के रूप में ही प्रचारित करने का प्रयास करते हैं। इस तरह इतनी बार राजनीतिक बयानबाजियां और सड़कों पर धरने-प्रदर्शन आदि आयोजित किए जाते हैं कि आम लोगों में भ्रम की स्थिति बन जाती है। जबकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत अपेक्षा की जाती है कि संबंधित नेता साक्ष्य के जरिए उन आरोपों को खारिज करें और जनता के सामने खुद को निर्दोष साबित कर सकें। आम आदमी पार्टी के नेता और उसके संयोजक अरविंद केजरीवाल अपनी ईमानदारी का दावा करते नहीं थकते। इसलिए अब उन्हें हकीकत सामने लाने में सहयोग करने से नहीं बचना चाहिए। यह भय दिखा कर लोगों को भ्रमित करने से भी बचाव का रास्ता नहीं मिल जाता कि ईडी उन्हें जेल में डालना चाहती है।

छोड़ रहे सब बाण!

वादे और दावे का ।
छोड़ रहे सब बाण ।।
चल रही जो खबरें ।
हैं उसका प्रमाण ।।
अपने अपने पाले में ।
है करने का काल ।।
एक दूसरे से शुरू ।
है अभी सवाल ।।
हम ही हैं शुभचिंतक ।
याद है दिलाया ।।
रखना थोड़ा धैर्य ।
है उनका सफाया ।।
चालू है प्रचार ।
है यही निचोड़ ।।
ना जब तक परिणाम ।
हम ही हैं बेजोड़ ।।

–कृष्णेन्द्र राय

चुनौतियों के बीच आगे बढ़ी अर्थव्यवस्था

जयंतीलाल भंडारी

यकीनन बीत रहे वर्ष 2023 में जहां वैश्विक स्तर पर निर्मित आर्थिक और वित्तीय चुनौतियों से भारत के आर्थिक परिदृश्य पर कई मुश्किलें दिखाई दीं, वहीं भारतीय अर्थव्यवस्था घरेलू मांग, निवेश तथा मजबूत आर्थिक बुनियाद के दम पर दुनिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में रेखांकित हुई है।

यदि 2023 की शुरूआत से दिसंबर तक देश का आर्थिक घटनाक्रम देखें तो प्रमुखतया महंगाई, रोजगार, रुपये की कीमत, विदेशी मुद्रा भंडार, विदेशी कर्ज, व्यापार घाटा, मानव विकास सूचकांक चिंताजनक आर्थिक मुद्दे रहे हैं। महंगाई के मोर्चे पर मुश्किलें लगभग वर्ष भर बनी रहीं। इस्त्राइल- हमास युद्ध, रूस-यूक्रेन युद्ध, ओपेक संगठन द्वारा तेल उत्पादन में कटौती, वैश्विक खाद्यान्न उत्पादन में कमी ने भी महंगाई बढ़ाई। इस महंगाई ने आम आदमी से लेकर सरकार के लिए भी चिंताएं पैदा की। खासतौर से नवंबर के बाद एक बार फिर थोक एवं खुदरा महंगाई बढ़ने लगी। खाद्य महंगाई की दर बढ़कर 8.7 फीसदी से अधिक पहुंच गई।

वर्ष 2023 में रोजगार की स्थिति संसद की बहस से लेकर युवाओं की चिंता का कारण बनी रही। इस वर्ष में वैश्विक सुस्ती के कारण जो-जो उद्योग-कारोबार प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुए वहां रोजगार के कम मौके निर्मित हुए। लेकिन गिग अर्थव्यवस्था और असंगठित सेक्टर में मौके बढ़ने से बेरोजगारी दर जो 2017-18 में छह फीसदी थी वह 2022-23 में घटकर 3.2 फीसदी रही। जहां इस वर्ष में आईटी बाजार की रोजगार तस्वीर बदल गई और बड़ी संख्या में कर्मचारियों को नौकरी छोड़नी पड़ी तथा नई नियुक्ति का अनुपात भी घट गया। वहीं विमानन और फार्मा जैसे सेक्टरों में कुशल

पेशेवरों की मांग बढ़ी है। यद्यपि भारत ने चालू वर्ष 2023 में वैश्विक मंदी की चुनौतियों के बीच निर्यात बढ़ाने व आयात घटाने के अधिकतम प्रयास किए। फिर भी इस साल निर्यात तेजी से नहीं बढ़ पाए तथा विदेशी मुद्रा की अन्य साधनों से कमाई भी कम रही, इससे व्यापार घाटा बढ़ा। अप्रैल से अक्तूबर 2023 के दौरान जहां भारत से 437.54 अरब डॉलर मूल्य का वस्तु निर्यात हुआ वहीं भारत में 495.17 अरब डॉलर मूल्य का आयात हुआ है। बीत रहे वर्ष में रुपया वर्षभर लुढ़कता रहा। अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा मौद्रिक नीति सख्त बनाए जाने से वर्षभर डॉलर की तुलना में रुपये की कीमत घटती गई और दिसंबर में डॉलर के मुकाबले रुपया निचले स्तर पर लुढ़ककर 84 तक पहुंच गया। शुरूआती महीनों में देश के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार गिरावट आई। इस गिरावट का कारण निर्यात में कमी, आयात में वृद्धि व डॉलर की तुलना में रुपये को थामने के लिए रिजर्व बैंक द्वारा विदेशी मुद्रा कोष में संचित डॉलर की बिक्री किया जाना भी रहा। फिर भी दिसंबर में विदेशी मुद्रा कोष कुछ बढ़कर करीब 616 अरब डॉलर से अधिक के स्तर पर पहुंच गया।

देश पर विदेशी कर्ज भी वर्ष 2023 में चिंता का कारण रहा। सरकार ने लोकसभा में बताया कि पिछले नौ वर्षों में देश पर विदेशी कर्ज की राशि तकरीबन तीन गुनी बढ़ी है। हालांकि सकल घरेलू उत्पाद के मुकाबले विदेशी कर्ज चुनौतीपूर्ण स्थिति में नहीं है। बीत रहे वर्ष में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा प्रकाशित मानव विकास सूचकांक में 189 देशों की सूची में भारत 132वें पायदान पर पाया गया। रिपोर्ट के मुताबिक जीवन प्रत्याशा, स्वास्थ्य व शिक्षा की बड़ी चुनौतियां भारत के समक्ष बनी हुई हैं। प्रतिव्यक्ति आय के मामले में भी भारत की स्थिति 129वें क्रम पर नजर आई। निश्चित रूप से इन विभिन्न आर्थिक चुनौतियों के बीच भी वर्ष 2023 में भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन कई मोर्चों पर बेहतर रहा और भारत की कई आर्थिक उपलब्धियां दुनिया में रेखांकित हुई। कारोबारी और वित्तीय परिदृश्य विस्तार को लेकर आशावादी रहा और विकास मूलक संकेत देता रहा। विनिर्माण, खनन, निर्माण तथा औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि हुई है। खासतौर से मैन्युफैक्चरिंग, कृषि, कंस्ट्रक्शन, सीमेंट, इलेक्ट्रिसिटी, होटल, ट्रांसपोर्ट, ऑटो मोबाइल, फॉर्मा, केमिकल, फुड प्रोसेसिंग और टेक्सटाइल, ई-कॉमर्स, बैंकिंग, मार्केटिंग, डेटा एनालिसिस, साइबर सिक्योरिटी, आईटी, टूरिज्म, रिटेल ट्रेड आदि क्षेत्रों में रोजगार और स्वरोजगार के मौके बढ़ते हुए दिखाई दिए। मुद्रास्फीति मौद्रिक प्रयासों से नियंत्रण में रही। कर राजस्व में सुधार हुआ। सेंसेक्स और निफ्टी नई ऊंचाइयों पर पहुंच गए।

तीन दिवसीय पिंडरा महोत्सव का हुआ समापन

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा महोत्सव के तीसरे दिन पहुँचे फिल्मी दुनिया के प्रसिद्ध गीतकार समीर अंजान ने कहाकि गांव की माटी से उपजा यह आपका बालक कभी सोचा था कि साईकिल से इस धरती पर चक्कर लगाने वाला ओदर गांव यह बालक अपने देश का नाम रोशन करेगा। पिंडरा क्षेत्र के ओदार गांव निवासी मंच पर पहुचते ही जब हर महादेव का उद्घोष किया तो पूरा पंडाल नारे से गूंज गया। उन्होंने अपने संघर्ष की कहानी बताते हुए कहा कि कर्म से ही शीर्ष पर पहुँचा जा सकता है न कि जुगाड़ से । उन्होंने चुटकी लेते कहा कि बनारस में जुगाड़ बहुत चलता है । लेकिन बनारस के बाहर आपको मेहनत की जरूरत करनी पड़ेगी। वही समापन सत्र के अतिथि पूर्व गृह मंत्री महाराष्ट्र सरकार के कृपाशंकर सिंह ने कहाकि क्षेत्र के परम्परा को आने वाले पीढ़ी को सन्देश देने के साथ उसकी पहचान स्थापित करना यह भारतीय संस्कृति व संस्कार को बढ़ावा देने वाला काम है। वही समापन सत्र को सम्बोधित करते हुए सांसद वीपी सरोज व विधायक डॉ अवधेश सिंह ने कहाकि तीन दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम को जिस अनुशासन के साथ लोंगो ने सुना और कलाकारों का उत्साह वर्धन किया उसके लिए पिंडरा की जनता का धन्यवाद देते है। संचालन आशुतोष पांडेय ने किया। इस दौरान पर्यटन आयुक्त आर के रावत, संस्कृति अधिकारी डॉ सुभाष यादव, रविशंकर सिंह, संजीव सिंह, फौजदार शर्मा, डॉ राकेश सिंह, भोजपुरी अभिनेता सुशील सिंह, चंदन सेठ समेत अनेक गणमान्य लोग रहे।

संगीत मय प्रस्तुति कर छात्रो ने लूटी वाहवाही लूटी– प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा महोत्सव में अंतिम दिन कम्पोजिट विद्यालय रमईपट्टी के छात्र छात्राओं ने संगीतमय योग की प्रस्तुति कर लोगों की वाहवाही लूटी। 15 मिनट के कार्यक्रम में दो दर्जन बार तालिया बजाकर योग के छात्र छात्राओं का उत्साह वर्धन अतिथियों व पंडाल में उपस्थित लोगों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत मे योग प्रशिक्षक कमलेश पांडेय व योग छात्रों को सम्मानित किया गया।

सपा का प्रतिनिधिमण्डल जमालपुर, पहाड़ी और कालेजों में पहुँचा

प्रखर मिजार्पुर। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के निर्देश पर जमालपुर के महोगनी पहाड़ी के दूबेपुर बसारी, के0बी0 कालेज, बिनानी और कमला माहेश्वरी कालेज जाकर वास्तविकता की जानकारी ली। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जमालपुर के महोगनी दिव्यांग सुबाष बिन्द के साथ दुर्व्यवहार हुआ है। खण्ड विकास अधिकारी दोषी है उनके सामने ही दुर्व्यवहार किया गया है। वहीं दूबेपुर बसारी में दूसरे के जमीन पर निर्माण कराया जा रहा है। उनहोने जिलाधिकारी से मॉग की कि कमेटी बनाकर जॉचकर न्यायोचित कार्यवाही करें। कहा कि कालेजो में छात्र-छात्राओ के अंकपत्र में विसंगतियां है उसे दूर किया जाय साथ ही साथ छात्र-छात्राओ की छात्रवृत्ति समय से मिल सके। जगह-जगह प्रतिनिधिमण्डल विजय सिंह पटेल, रफीक अहमद, दिलीप गुप्ता, सत्यप्रकाश यादव, परवीन बानो, झल्लू यादव, कन्हैया यादव, रामगोपाल बिन्द, बलराम यादव, चन्दन यादव, राममिलन यादव, अशोक यादव, रवि सरोज आदि शामिल थे।

दुर्घटना को दावत दे रहा लटका हुआ बिजली का तार

प्रखर सहजनवां,गोरखपुर। सहजनवां थाना क्षेत्र के विधुत उपकेंद्र सहजनवां अन्तर्गत ग्राम सभा कसरवल के पास फ्लाईओवर के के बाये तरफ विधुत का मेन सप्लाई तार जो जमीन से महज एक मीटर ऊंचाई पर लटका हुआ है। जिससे कभी भी दुर्घटना होने का खतरा बना हुआ है। समय रहते इसे दुरुस्त नहीं किया तो एक दिन यहा को बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है क्योंकि कि यही पर एक आक्सीजन गैस प्लांट भी है। जिसके कारण लोगों का आना-जाना लगा रहता है। तथा नजदीकी ग्रामीणों के जानवरों का आना-जाना भी जोखिम भरा है।

गांव की छात्रा को छेड़ना पड़ा महंगा शिरफिरा आशिक के खिलाफ परिजनों ने दी तहरीर

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बिरनो थाना क्षेत्र के एक गांव की छात्रा को एक सिरफिरा आशिक को छेड़ना पड़ा महंगा छात्रा परिजनों संग पहुंची थाने पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज। मिली जानकारी के अनुसार बिरनो थाना क्षेत्र के सिहाबारी के अजय यादव पुत्र जनार्दन यादव के खिलाफ एक गांव निवासी छात्रा के पिता ने तहरीर देते हुए बताया कि कुछ महीनो से हमारी बेटी को एक युवक स्कूल आते जाते समय फब्तियां कसता है और छेड़खानी करता है पुर्व में भी दो बार ऐसा कर चुका है और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी देता है इससे पुर्व में पुलिस को सूचना दी गई थी लेकिन दोनों पक्षों के द्वारा इस मामले पर सहमति जताते हुए मामले में सुलह समझौता कर लिया गया था लेकिन आरोपी रविवार की रात्रि में बेटी को घर में अकेला पाकर के छेड़खानी करने का प्रयास किया जिसपर लड़की के शोर मचाने पर जब तक पास पड़ोस के लोग पहुंचे वह छात्रा को मारपीट कर मोबाइल लेकर फरार हो गया। पीड़ित छात्रा ने सोमवार की सुबह परिजनों के साथ बिरनो थाने पहुंची और सूचना दिया। इस संबंध में बिरनो थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव ने बताया कि पीड़ित छात्रा के पिता के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है फिर आगे कार्यवाही की जाएगी।

जातिगत जनगणना कराओ, आरक्षण बढ़ाओ की मुहिम के साथ पिछड़ा वर्ग महासम्मेलन में गरजी कांग्रेस

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। कांग्रेस पार्टी द्वारा मंगलवार को गाजीपुर के लंका मैदान में विशाल पिछड़ा वर्ग सम्मेलन में जातिगत जनगणना और आरक्षण बढ़ाओ अभियान का नारा बुलंद किया गया। इसके जरिये पिछड़ी जातियों को कांग्रेस की नीतियों से जोड़कर गोलबंद करने का मंत्र मंच से मुख्य वक्ताओं ने जनता से साझा किया। कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग विभाग की ओर से कुर्मी, पाल, यादव, निषाद, नोनिया, मौर्या, नाई, कुम्हार, लोधी, कहार, लोहार, बढ़ई, चौरसिया, राजभर, बंजारा, कसेरा सहित पिछड़े एवं अति पिछड़े, दलित, किसान, महिला और अल्पसंख्यक समाज पर फोकस गया और इन्हें समान रूप से सामाजिक न्याय के अंतर्गत आरक्षण मिले, इसलिए देश में जातिगत जनगणना की बात उठाई गई। इस अवसर पर बोलते हुए प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि इसके तहत पिछड़ा वर्ग विभाग द्वारा प्रदेश स्तरीय, मंडल स्तरीय सम्मेलनों के सफल आयोजनों के बाद जनपद और ब्लॉक स्तरीय सम्मेलन हो रहा है, जो आज गाजीपुर जिला मुख्यालय के सदर ब्लॉक पर आयोजित है। इन सम्मेलनों के माध्यम से कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी, जननेता और लोकप्रिय सांसद राहुल गाँधी, कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका गाँधी जी द्वारा देश भर में सामाजिक असमानता, भागीदारी की कमी और भेदभाव सहित हर समस्या के समाधान वाले मुद्दे जातिगत जनगणना की मुहिम को गाँव गाँव तक पहुँचाना प्राथमिकता है। इस सम्मेलन का नारा है "जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी"। महासम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि कैप्टेन अजय सिंह यादव ने जातिगत जनगणना द्वारा सभी वर्गों की सही आबादी और देश के सभी संस्थानों - संसाधनों में सभी वर्गों के हक हिस्सेदारी अभियान को सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन, आंदोलन का सबसे बड़ा अभियान बताया है! उन्होंने मंच से आह्वान किया कि भाजपा सरकार पिछड़ा विरोधी है, अगर नहीं होती तो आज जातिगत जनगणना देश भर में लागू हो चुकी होती। अपने सम्बोधन में गाजीपुर जिला अध्यक्ष सुनील राम और शहर अध्यक्ष ने कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर कांग्रेस की जन नीतियों को घर घर पहुंचाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने आरएसएस और बीजेपी द्वारा डॉ अम्बेडकर द्वारा बनाए संविधान पर खतरे के प्रति आगाह करते हुए कहा कि जातिगत जनगणना मुद्दे को हिंदी पट्टी में आरएसएस और बीजेपी को हराने का बड़ा मुद्दा है, जिससे जनता को देश में आरएसएस - बीजेपी द्वारा निर्मित महगाई, बेरोजगारी, दलित, मजदूर और महिला शोषण से निजात मिलेगा।

श्री दत्त गुरु की गुणग्राह्यता !

प्रस्तावना – ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश इनका अवतार श्री दत्तगुरु ! इस वर्ष मार्गशीर्ष पूर्णिमा (26 दिसंबर) के दिन दत्त जयंती है। यह उत्सव भावपूर्ण होने के लिए श्री दत्त के बारे में जानकारी इस लेख के माध्यम से जानेंगे।

दत्त के नाम एवं उनका अर्थ : 1) दत्त – दत्त अर्थात हम आत्मा हैं इसकी अनुभूति देने वाले। प्रत्येक में आत्मा है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति चलता है, बोलता है एवं हंसता है। इससे हममें ही देवता है ईश्वर है यह सत्य है । उसके बिना हमारा अस्तित्व ही नहीं है। हमें इसका ज्ञान हो तो हम प्रत्येक से प्रेम पूर्वक व्यवहार करेंगे। इस दत्त जयंती को यह ज्ञान, (भावना) जागृत करने का हम निश्चय करेंगे।

2) अवधूत – जो अहम् धोता है, वह अवधूत। दत्त जयंती को हम प्रार्थना करें 'हे दत्तात्रेय भगवान अपना अहम नष्ट करने की शक्ति और बुद्धि आप ही हमें दीजिए।

3) दिगंबर – दिक् अर्थात दिशा यही जिसका अंबर अर्थात वस्त्र है। ऐसा जो सर्वव्यापी है, जिसने सारी दिशाएं व्याप्त कर ली हैं वह दिगंबर। यदि यह देवता श्रेष्ठ हैं तो हमारे जैसे सामान्य जीव को उनकी शरण जाना ही चाहिए। ऐसा करने पर ही हम पर उनकी कृपा होगी। हम प्रार्थना करेंगे "हे दत्तात्रेय शरण कैसे जाना चाहिए? यह आप ही हमें सिखाएं। (दत्त मेरा मैं दत्त का इस फेसबुक पोस्ट से)।

दत्त के नामजप का महत्व – श्री गुरुदेव दत्त यह तारक नाम जप करते समय श्री दत्त गुरु का रूप अंतर्मन में आंखों के सामने लाना चाहिए एवं वही हमारे पूर्वजों के कष्टों से रक्षा करने के लिए तत्परता से आने वाले हैं, यह भाव रखकर नामजप के प्रत्येक अक्षर का भावपूर्ण उच्चारण करना चाहिए। श्री दत्त यह पूर्वजों को आगे की गति देने वाले देवता हैं। इसलिए श्री गुरुदेव दत्त यह नाम जप नियमित रूप से करने पर पूर्वजों के कष्टों से हमारी मुक्ति हो सकती है। दत्त के नाम जप से निर्मित होने वाली शक्ति से नाम जप करने वाले के चारों ओर संरक्षक कवच निर्मित होता है। दत्त के नाम जप से मृत्युलोक में अटके हुए पूर्वजों को गति मिलती है। (भूलोक एवं भुवर्लोक) इनके बीच में मृत्यु लोक है। इसलिए आगे वे उनके कर्म के अनुसार अगले अगले लोकों में जाने से स्वाभाविक रूप से उनसे व्यक्ति को होने वाले कष्टों की मात्रा कम होती है। दत्त का नाम जप करने से हमें शिवजी की शक्ति भी मिलती है। किसी भी प्रकार का कष्ट हो रहा हो अथवा आगे ना हो इसलिए कम से कम 1 से 2 घंटे श्री

गुरुदेव दत्त यह नाम जप हमेशा करना चाहिए।

श्री दत्त के वास्तव्य स्थान (निवास स्थान) – श्री दत्त प्रभु ने अनेक जगह वास्तव्य किया । माहुरगढ, गिरनार, कारंजा, औदुंबर ,नसोबा की वाडी, गाणगापुर, कुरवरपुर, पीठापुर, श्री शैल्य, वाराणसी, भडगांव (यह काठमांडू से 35 किलोमीटर अंतर पर है) पंचालेश्वर (जिला बीड़ महाराष्ट्र) जहां भक्तों को आज भी श्री दत्त के अस्तित्व की अनुभूति होती है।

विशेषताएं – दत्त भगवान के साथ गाय होती है। वह पृथ्वी का प्रतीक है । चार श्वान (कुत्ते) अर्थात चार वेद झोली अर्थात अहम् नष्ट करना, कमंडलु अर्थात त्याग, विरक्ति का प्रतीक।

निरंतर सीखने की स्थिति में रहना सिखाने वाले दत्तगुरु – श्री दत्तात्रेय स्वयं भगवान होने पर भी निरंतर सीखने की स्थिति में रहते हैं। इसीलिए श्री गुरुदेव दत्त ने 24 गुण गुरु बनाए ।व्यक्ति को दूसरों के दुर्गुण न देखकर प्रत्येक के गुण देखकर वे आत्मसात करने चाहिए एवं स्वयं का उद्धार कर लेना चाहिए। यह इस माध्यम से सिखाया। पृथ्वी, आप, तेज, वायु ,आकाश इन तत्वों से सृष्टि की उत्पत्ति हुई । इससे क्या सिखाया, पृथ्वी जैसी सहनशीलता, जल के समान अत्यंत मधुर, शीतल, एवं निरंतर कार्यरत रहना ,अग्नि से जो सामने आए उसको स्वीकार करना, अग्नि के सामने जो भी आए उसका एक क्षण में स्वीकार कर लेता है। वैसे ही साधना करके स्वयं के दुर्गुण नष्ट करके गुण वृद्धि करनी चाहिए। संसार की बुरी प्रवृत्तियों का नाश करने के लिए सिद्ध होना चाहिए। जिस प्रकार वायु (हवा) सुगंध के कारण आसक्त नहीं होता अथवा दुर्गंध से दूर नहीं भागता। आसक्ति से दूर रहकर सबको जीवन दान देता है इस तरह आसक्ति विहीन जीवन जी कर आकाश के समान सर्वव्यापी, निर्विकार,अचल, समत्व रखने का गुण आत्मसात करना चाहिए। इस दत्त जयंती के अवसर पर यह गुण हम भी आत्मसात करके गुण संवर्धन करने का ध्येय (लक्ष्य) लें

श्री दत्त उपासना – श्री दत्त का नाम जप, श्री गुरुचरित्र का पारायण, भजन, कीर्तन उपवास आदि हम श्रद्धा पूर्वक करते हैं, परंतु केवल पठन, श्रवण भक्ति, नाम जप करने के साथ ही उसमें बताए अनुसार बातें कृति में लाकर हमें भी निरंतर सीखने की स्थिति में रहना आवश्यक है, तभी हम ईश्वर से एक रूप होंगे, तभी जीवन में आनंद एवं समाधान प्राप्त होगा।

संगठित रूप से कार्य करना – ब्रह्मा, विष्णु, महेश इन मुख्य देवताओं ने पृथक कार्य न करके संगठित रूप से कार्य किया । यही अपने सामने रखकर, हम समाज के हित के लिए, राष्ट्रहित के लिए संगठित होकर कार्य करें। राष्ट्र कार्य करने के लिए गुण ग्राहकता आए, संगठन कौशल्य का निर्माण हो, इसलिए श्री दत्त गुरु को शरण जाकर प्रार्थना करें।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक संपन्न

प्रखर मिजार्पुर। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला खेल विकास विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिला कीड़ा अधिकारी ने जिलाधिकारी को जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश लीग के अंतर्गत युवा कल्याण एवं प्रादेशिक लोक दल विभाग मीरजापुर के तत्वाधान में सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के आयोजित होने वाली जनपद स्तरीय खेल कुंभ प्रतियोगिता दिनांक 30 एवं 31 दिसंबर 2023 को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में युवा कल्याण विभाग द्वारा जिलाधिकारी के निदेशानुसार प्रतियोगिता आयोजित कराएगी। जिलाधिकारी ने जिला कीड़ा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि खिलाड़ियों के भोजन, नाश्ता, सुरक्षा आज की व्यवस्था समय से करा ली जाए। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को ले जाने लाने और सुरक्षा संबंधी सभी व्यवस्थाएं पहले से पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में एक बैनर लगाया जाए जिसमें अतिथियों व जन प्रतिनिधियों के नाम अवश्य लिखवाया जाए तथा उन्हें आने हेतु आमंत्रण पत्र भी भेजा जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, जिला कीड़ा अधिकारी भानु प्रसाद, जिला विद्यालय निरीक्षक अमरनाथ सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल वर्मा, जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी राजेश सोनकर, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर बी0के0 चौधरी, जिला युवा कल्याण अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कोटेदार संघ मानदेय बढाने को लेकर सौंपा ज्ञापन, दिया धरना प्रदर्शन की चेतावनी

प्रखर शाहगंज जौनपुर। कोटेदार संघ ने मंगलवार की दोपहर मुख्यमंत्री से संबंधित उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार को मानदेय बढाने को लेकर ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में अवगत कराया कि अगर मानदेय नही बढा। तो 1 जनवरी से अनिश्चितकालीन के लिए धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक मंगलवार की दोपहर कोटेदार संघ के तहसील अध्यक्ष लुकमान अहमद अपने कोटेदार साथियों के साथ उप जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री से संबोधित ज्ञापन सौपकर मानदेय बढाने की मांग किया। उन्होंने बताया की उत्तर प्रदेश के कोटेदारों को लाभांश सिर्फ 90 रुपये प्रति कुंटल मिलता है जबकि अन्य शहरों में जैसे हरियाणा, गोवा, केरल में 200 प्रति कुंटल महाराष्ट्र मे 159,राजस्थान में 125 रुपये प्रति कुंटल जबकि गुजरात में 20 हजार रुपए मानदेय दिया जा रहा है। उसी प्रकार उत्तर प्रदेश सरकार भी अन्य प्रदेशों के अनुसार मानदेय नही बढाई तो 1 जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जाएगा। जिसका भुक्तभोगी शाशन प्रशासन होगा। इस मौके पर जयनारायण दूबे, राय दिनेश बिंद, श्रवण कुमार, प्रभाकर तिवारी, राजेश कुमार पांडेय, राजनाथ, जियालाल नाविक, दीनानाथ गुप्ता, घनश्याम प्रजापति, रवी यादव, कविता देवी, कृष्ण कांत श्रीवास्तव, जितेन्द्र कुमार यादव, अमरनाथ, लालती, रामकरन, चमेला देवी समेत समस्त कोटेदार मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

उपभोक्ताओं कि सुविधा के दृष्टिगत विद्युत विभाग द्वारा कैम्प का हुआ आयोजन

प्रखर पाली, सहजनवां। घघसरा विधुत उपकेंद्र अन्तर्गत पाली ब्लॉक के ग्राम पंचायत नेवास में विभाग के अवर अभियंता शिवम चौधरी के नेतृत्व में कैंप लगाकर उपभोक्ताओं के बिजली बिल अन्य सम्बंधित समस्याओं का समाधान किया गया। इस कैम्प में 17 विधुत उपभोक्ताओं के समस्याओ का समाधान किया गया। उपभोक्ताओं के द्वारा बकाया विधुत बिल जमा किया गया जिससे 5000 रू नगद राजस्व भी जमा कराया गया। इस मौके पर अवर अभियंता शिवम चौधरी,एसएसओ धर्मवीर यादव, सहित भारी संख्या में उपभोक्ता उपस्थित रहे।

विकास ही सरकार की पहली प्राथमिकता

प्रखर सहजनवां,गोरखपुर। पिपरौली क्षेत्र के ग्राम मल्हीपुर-उस्का और बनौड़ा गांव मे विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संकल्प यात्रा में ब्लॉक प्रमुख दिलीप यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों को भारत सरकार द्वारा चलाई गई सभी योजनाओं जैसे दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन ,ग्रामीण आवास ,स्वच्छ भारत मिशन, शौचालय, आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज की वर्तमान भाजपा सरकार में विकास ही पहली प्राथमिकता है, विकास जैसे मुद्दे को लेकर के ही राज्य से लेकर केंद्र में भाजपा की सरकार सत्ता में है। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा तरह-तरह के स्टाल भी लगाए गए थे। ब्लाक प्रमुख और ग्राम प्रधान उमेश पांडेय और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजीव रंजन सिंह उर्फ लल्ला सिंह द्वारा गोदभराई रस्म भी अदा की गई।इस अवसर पर रवि प्रताप सिंह, चंद्र कुमार सिंह, अभिलाष सिंह,संजय सिंह, संजय कुमार दुबे, प्रतिमा सिंह, गोविंद कुमार, अभिषेक सिंह,शुभम सिंह,मयंक प्रताप सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

बलिया के युवा सपा जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव का अज्ञात गाड़ी से दुर्घटना में हुई मौत पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मृतक परिवार की किया मदद

प्रखर पूर्वान्चल लखनऊ। बलिया जिले के युवा सपा जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव लखनऊ में सुबह टहलते समय अज्ञात गाड़ी के द्वारा दुर्घटना में मृत्यु हो गई पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव तत्काल मौके पर पहुंचे उनके परिवार को पूरी मदद किया और आगे के लिए भरोसा दिलाया। सपा कार्यालय लखनऊ विक्रमादित्य मार्ग पर दो मिनट का शोक सभा किया गया। शोकसभा में सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ,मनोज पाण्डेय विधायक व विधानसभा के मुख्य सचेतक, राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी राष्ट्रीय कार्यरत पार्टी अध्यक्ष टुनटुन पाण्डेय , नेशनल इक्वल पार्टी अध्यक्ष शशिप्रताप सिंह, राष्ट्रीय महासचिव प्रकाश जायसवाल, नव निर्वाचित सपा प्रदेश सचिव राधाकृष्ण संजय यादव हजारों लोग शामिल हुए नम आंखों से नमन किया।

रामजन्म भूमि प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व रामचरित मानस अखंड संकीर्तन का आयोजन



प्रखर वाराणसी। राजघाट कोनिया में विश्व विख्यात अयोध्या में मयार्दापुरुषोत्तम श्रीरामचंद्र जी के प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व मंगल कामनाओ के लिए काशी के राजघाट के कोनिया में आदर्श कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज ने चौबीस घंटा का अखंड संकीर्तन कर हवन पूजन किया।अखंड कार्यक्रम का आयोजन आचार्य पंडित जितेन्द्र चौबे ने कराया। उन्होंने बताया की हिन्दुस्तान के सभी समाज में राम का परिकल्पना मात्र से आपसी सदभाव होगा।अखंड संकीर्तन का आचार्यत्व काशी के मानस मधुरेश विश्वजीत पाण्डेय के टीम ने किया।अखंड संकीर्तन पूणार्हूति पर हवन पूजन कर भण्डारा कराया गया।इस अवसर पर प्रो बृजबिहारी पाण्डेय, आचार्य द्वारिका पाठक, रमेन्द्र चौबे,पंडित गिरघर चौबे,बांके बिहारी चौबे,अजय कुमार चौबे सहित बड़ी संख्या में रामचरितमानस अखंड संकीर्तन में लोगो ने भाग लिया।

मारपीट के मामले में एक नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

प्रखर सहजनवां,गोरखपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम सभा भगौरा में 25 दिसम्बर दिन सोमवार को व्यक्ति को घर बुला कर मारने पीटने वालो पर दर्ज हुआ मुकदमा। मिली जानकारी से भगौरा गांव निवासी रघुबर पुत्र हरि गोविंद ने सहजनवां थाने पर दिये तहरीर में बताया कि उसके गांव के ही अनिल सिंह पुत्र राम अवतार सिंह अपने तीन अज्ञात व्यक्ति को मेरे घर बुलाने के लिए भेजें थे। जब मैं उन व्यक्तियों के साथ उनके घर पहुंचा तो अनिल ने उक्त लोगों के साथ मिलकर मुझे बुरी तरह मारा-पीटा जिससे मुझे गंभीर चोट आई है। जिसके बाद पुलिस ने अनिल सिंह व तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई में जुटी हैं।

बारहवीं स्वर्गीय श्रीमती दुर्गावती देवी स्मृति कैरम प्रतियोगिता प्रारंभ

प्रखर वाराणसी। वाराणसी जिला कैरम एसोसिएशन द्वारा आयोजित बारहवीं स्वर्गीय श्रीमती दुर्गावती देवी स्मृति जिला कैरम प्रतियोगिता का ईंगलिसियालाइन स्थित चन्द्रा त्रिपाठी मेमोरियल खेल कक्ष में उत्तर प्रदेश कैरम एसोसिएशन के अध्यक्ष बैजनाथ सिंह ने स्वर्गीय दुर्गावती देवी आशके चित्र पर माल्यार्पण और कैरम बोर्ड पर गोंटी ब्रेक करके औपचारिक उद्घाटन किया। उद्घाटन करने के बाद अपने सम्बोधन में बैजनाथ सिंह ने कहा कि कैरम खेल ने आज सैकड़ों खिलाड़ियों को कैरियर बनाकर सरकारी प्रतिष्ठानों में सेवा का अवसर प्रदान किया है , बनारस और उत्तर प्रदेश के कैरम खिलाड़ी आज देश भर में अपने.खेल का लोहा मनवा रहे हैं । लीग कम नॉकआउट आधार पर खेली जाने वाली इस जिल स्तरीय प्रतियोगिता में 24पुरूष और 16 महिला खिलाड़ी भाग ले रहे हैं । समाचार देने तक मैच चल रहे थे ।

अवैध गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

प्रखर सहजनवां, गोरखपुर। सहजनवां थाना पुलिस ने 25 दिसम्बर दिन सोमवार रात्रि में अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के विरूद्ध थाने में अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय के लिए रवाना किया गया। मिली जानकारी से थाने के उप निरीक्षक रविकांत यादव, अपने हमराही कांस्टेबल प्रवीण कुमार, कांस्टेबल उदय प्रताप के साथ भीटी रावत चौराहे पर रात्रि गश्त पर थे। कि मुखबिर खास कि सूचना पर धुसियापार मोड़ के पास से 1200ग्राम अवैध गांजा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम पंकज सिंह पुत्र परमात्मा सिंह निवासी ग्राम सरवसी पो.बढनी गोपालगंज बताया। अभियुक्त के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय के लिए रवाना कर दिया गया है।

श्रद्धेय पंडित अटल बिहारी बाजपेई की सौवी जयंती/सुशासन दिवस के रुप में मनाया गया

प्रखर संतकबीरनगर। भारत रत्न से सम्मानित पंडित अटल बिहारी वाजपेई का 100वी जयंती मेहदावल विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनिल तिवारी के गृह आवास कर्म कला में सुशासन दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया जिसमें बूथ अस्तर से लेकर मंडल स्तर के कार्यकताओं को अंग वस्त्र मिष्ठान देकर विधायक अनिल तिवारी द्वारा सम्मानित किया गया, इस अवसर पर मेहदावल विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनिल तिवारी द्वारा अपने आवास पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं व पदाधिकारी के बीच भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस के अवसर पर दूरदर्शन से आए हुए सांस्कृतिक कलाकारों के द्वारा भजन संध्या एवं गीत प्रस्तुति ने हजार लोगों के को मंत्र मुक्त करते हुए जिसमें भजन जो राम को लाए हैं हम उनको लेंगे ने मंत्र मुक्त कर दिया,इस अवसर पर माननीय विधायक मेहरवाल अनिल तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी सब का विश्वास सबका साथ सबके विकास के लिए काम करती है इसी के जरिए आलमी 2047 तक भारत को विश्व के वैश्विक मंच पर विकसित राष्ट्र के रूप में प्रदर्शित करना चाहता है यदि आप लोगों का साथ रहा तो हम इस काम को बखूबी निर्माण करते हुए अब उसको अंजाम तक पहुंचाएंगे, जिला अध्यक्ष जगदंबा लाल श्रीवास्तव जी माननीय क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रधानमंत्री जन कल्याण योजना विजय प्रताप सिंह जी आनंद पाठक जी समाजसेवी आशु जी पूर्व जिला अध्यक्ष सेतुभान राय जी अरुण सिंह जी अतुल सिंह जी ब्लॉक प्रमुख बसंत त्रिपाठी जी सहित तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अन्नपूर्णा जयंती पर माता के दरबार में चला भंडारा

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। अन्नपूर्णा जयंती के उपलक्ष्य में काशी के अन्नपूर्णा मंदिर में मंगलवार को विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया` सुबह हवन के बाद मंदिर के अर्चक ने मध्याह्न भोग आरती में माता का अभिषेक कर नूतन वस्त्र व आभूषण धारण कराकर विधि विधान से पूजन करते हुए भगवती की आरती उतारी ` भगवती अन्नपूर्णा के अवतरण दिवस पर महंत शंकर पूरी ने बताया कि शास्त्रों में माता अन्नपूर्णा को अन्न, धन और सुख शांति की देवी माना गया है ऐसी मान्यता भी है कि जिस घर में माता अन्नपूर्णा की कृपा रहती है उस घर के अन्न के भंडार सदैव भरे रहते हैं` सभी प्राणियों के घर में सुख शान्ति बनी रहे उन्होंने कहा कि प्रतिदिन माता अन्नपूर्णा की विधिपूर्वक पूजा अर्चना करने से जीवन में आर्थिक तंगी से तो निजात मिलता है और घरों में कभी अन्न की कमी नहीं होगी` मंदिर प्रबंधक ने कहा कि हर वर्ष अन्नपूर्णा जयंती अगहन मास की पूर्णिमा तिथि को मनाई जाती है मान्यता है कि इसी तिथि पर मां पार्वती देवी अन्नपूर्णा के रूप में धरती पर आई और कहते हैं कि जब पृथ्वी पर अन्न की कमी हो गई थी जिस वजहर से चारों तरफ भूखमरी छा गई` लोग अन्न के एक-एक दाना के लिए भी तरसने लगे थे तब पृथ्वी वासियों की यह दशा देखकर उनके कष्ट दूर करने के लिए माता पार्वती तब अन्नपूर्णा के रूप में अवतरित हुई थीं मान्यताओं के अनुसार जिस घर में मां अन्नपूर्णा की कृपा दृष्टि रहती है वहां का रसोई घर सदैव अन्न-धन से भरी रहती है` इस अवसर पर मंदिर की ओर से अन्नपूर्णा महा प्रसाद का काउंटर लगाकर आने वाले प्रत्येक भक्तो को प्रसाद दिया गया जो देर शाम तक चलता रहा` भोग भंडारे के आयोजन में सैकड़ों साधु संत समेत अन्य भक्तो ने प्रशाद ग्रहण किया ` अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप से पप्पू शुक्ला, राकेश तोमर,प्रदीप श्रीवास्तव, धीरेंद्र सिंह समेत मंदिर परिवार के सदस्य रहे।

सपा नेता आनंद मोहन गुड्डू के पिता का निधन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के बेहद करीबी एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं शिवपुर विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी आनंद मोहन "गुड्डू" के पिता रामअधार यादव (84 वर्षीय) का सोमवार को देर रात निधन हो गया वह सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक रहे उनका शवयात्रा मंगलवार को उनके पैतृक आवास सिगरा (नटराज सिनेमा के सामने) से निकला एवं अंतिम संस्कार मणिकर्णिका पर किया गया उनके निधन पर सपा नेताओ ने शोक प्रकट किया है शोक प्रकट करने वालो मे प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री वीरेंद्र सिंह,पूर्व मंत्री सुरेंद्र पटेल, एमएलसी आशुतोष सिन्हा, एम एल सी लाल बिहारी यादव, सपा जिलाध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़ ,पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा,पूर्व विधायक अब्दुल समद अंसारी, संतोष यादव एडवोकेट बबलू, किशन दिक्षित, पूजा यादव, जयशंकर यादव, राजू यादव, नव नियुक्त प्रदेश सचिव राधाकृष्ण संजय यादव आदि लोगो ने शोक व्यक्त किया है।

उमेश सेठ के हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार गिया जाय: श्रवण जायसवाल

प्रखर जौनपुर। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल जौनपुर का प्रतिनिधिमण्डल मंगलवार को फतेहगंज बाजार पहुंचा जहां के सरार्फा व्यवसायी उमेश सेठ की हत्या, लूट की घटना को अन्जाम देने वाले बदमाशों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने, लूटे गये जेवरों की बरामदगी सहित पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग देने हेतु प्रशासन से वार्ता करके शीघ्र ही उनके खाते में आर्थिक सहायता आने की बात कही। इस मौके पर जिलाध्यक्ष श्रवण जायसवाल ने पुलिस अधीक्षक डा. अजयपाल शर्मा से दूरभाष पर वार्ता करके अपनी मांगों से अवगत कराया जिस पर उन्होंने परिजन को 5 लाख रुपए की सहायता शासन से दिलाने की बात कही। वहीं श्री जायसवाल ने कहा कि पीड़ित परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाय। साथ ही आगे कोई घटना न घटे, इसके लिये प्रशासन को आगाह भी किया। प्रतिनिधिमण्डल की अगुवाई जिलाध्यक्ष श्रवण जायसवाल ने किया जहां उनके साथ व्यापारी नेता श्याम चन्द अग्रहरि, संजीव साहू, निजामुद्दीन अंसारी, दिनेश यादव, शेखर साहू, नितिन जायसवाल, सिराजुद्दीन, सोनू, शाहिद के अलावा तमाम व्यापारी रहे।

शिब्ली डिग्री कालेज आजमगढ़ ने डा. सविता मेमोरियल वालीबाल राज्य प्रतियोगिता जीती

प्रखर रामनगर वाराणसी। प्रतियोगिता में शिब्ली डिग्री कालेज आजमगढ़ ने लालपुर स्टेडियम को तीन सेटों २१-२०,१९-२१,२१-१९ से हराकर राज्य प्रतियोगिता जीत लिया। अति रोमांचित मैच की लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मध्यरात्रि में भी हजारों की भीड़ इसका लुत्फ उठा रही थी। मुख्य अतिथि डॉ टी एम महापात्र ने कहा कि कल कुछ और आएंगे तुमसे बेहतर करने वाले,तुमसे बेहतर कहने,वाले मुझसे बेहतर सुनने वाले और श्याम कुमार केसरी ने ऐसे आयोजन में इतना बढ़िया संयोजन और व्यवस्था संतुलन पूरे पूर्वांचल में नहीं मिलेगा। सेमीफाइनल में शिब्ली डिग्री कालेज आजमगढ़ ने ऐ के एस वाराणसी को ३१-२९ से तथा लालपुर स्टेडियम ने साईं स्पोर्ट्स रायबरेली को ३१-२९ से हराकर प्रवेश किया था। प्रतियोगिता जीतने वाली टीम को करीब २६०००/-(कुल राशि) और हारने वाली टीम २००००/-(कुल राशि) तथा मैन ऑफ द मैच मोहसिन (शिबली आजमगढ़) को ३०००/- व मैन ऑफ द सीरीज कार्तिकेय (लालपुर स्टेडियम) को ५०००/- की राशि तथा व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किया गया। सचिव अमूल्य सिन्हा ने भविष्य की योजनाएं सबके सामने रखा व अध्यक्ष डॉ तेजबली सिंह ने सभी को धन्यवाद दिया। निर्णायक की भूमिका में राहुल सिंह, टी एन सिंह, संतोष पटेल ,आशीष सिंह, पारस यादव आदि ने अपने निष्पक्ष निर्णय से उपस्थित भीड़ का मन मोह लिया। स्कोरिंग प्रणाली को राजेन्द्र सिंह डा सत्यप्रकाश सिंह ने दुरुस्त किया।वहां प्रमुख रुप में डा कार्तिकेय, कौस्तुभ (साकेत), डा अपेक्षा, विभव प्रकाश सिंह, ब्रम्हानंद पाठक, संजय पटेल,सर्वेन्द्र विक्रम सिंह, सतीश,मनभरन यादव, अनिल सिंह मणि, नुरूल शेख, डा नेहरू सिंह, संतराम पटेल, डा एस पी वर्मा, शरद छोटू ,चन्द्रबली मौर्य, , महादेव आदि अंत तक उपस्थित थे, श्रीमती सरोज सिंह ने भी

जनपद को मिली बड़ी सौगात, 300 बेड युक्त हॉस्पिटल का हुआ भव्य उद्घाटन

प्रखर संतकबीरनगर। सोमवार को नेशनल हाईवे टेमा रहमत स्थित इण्डो-अमेरिकन हास्पिटल का उद्घाटन पीस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा पूर्व विधायक डाक्टर मुहम्मद अयूब ने फीता काट कर किया। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में बताया कि पूरे पूर्वांचल में सभी सुविधाओं से सुसज्जित अस्पताल नहीं है। विश्व स्तरीय 300 बेड युक्त अस्पताल में सभी रोगों का उपचार विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा 24 घंटे किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अस्पताल में क्रिटिकल केयर, ट्रामा सेंटर, इमरजेंसी, एनआईसीयू,पीआईसीयू, फामेर्सी, एंबुलेंस, सीटी स्कैन, एमआरआई, ब्लड बैंक, डायलिसिस, स्पेशल निउनाटाल वेंटीलेटर, डिलीवरी फैसल्टी,एक्स-रे आदि सभी सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि इस तरह के अस्पताल की संतकबीरनगर जनपद को बड़ी ही सख्त जरूरत थी। इस अवसर पर मुहम्मद इरफान, मुहम्मद अहमद,गौहर अली खान,सैयद फिरोज अशरफ, सैयद निजाम अशरफ,तुफेल अहमद,हाजी बशीर अहमद,मौलाना मोहम्मद हुसैन,जावेद अख्तर,तुफेल अहमद सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

क्रिमिनल लॉ: संसद के बाद तीन आपराधिक बिलों को राष्ट्रपति की मंजूरी, औपनिवेशिक काल के कानूनों की ली जगह

भारतीय न्याय संहिता | भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता | भारतीय साक्ष्य अधिनियम

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को तीन नए आपराधिक न्याय बिलों को मंजूरी दे दी है। इन बिलों को पिछले हफ्ते संसद ने मंजूरी दी थी।

तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय सक्षम अधिनियम औपनिवेशिक काल की भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 872 की जगह लेंगे। संसद में तीनों विधेयकों पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि इनमें सजा देने के बजाय न्याय देने पर फोकस किया गया है।

इन तीनों कानूनों का उद्देश्य विभिन्न अपराधों और उनकी सजा की परिभाषा देकर देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलना है। इनमें आतंकवाद की स्पष्ट परिभाषा दी गई है, राजद्रोह को अपराध के रूप में समाप्त किया गया है और 'राज्य के खिलाफ अपराध' नामक एक नई धारा पेश की गई है। इन विधेयकों को पहली बार अगस्त में संसद के मानसून सत्र के दौरान पेश किया गया था। गृह मामलों की स्थायी समिति द्वारा कई सिफारिशें किए जाने के बाद सरकार ने विधेयकों को वापस लेने का फैसला किया और पिछले हफ्ते उनके फिर तैयार किए गए संस्करण पेश किए।

विधेयकों में रखा गया हर अल्पविराम और पूर्णविराम का ध्यान: शाह

गृहमंत्र शाह ने कहा था कि तीनों बिलों का मसौदा व्यापक विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया है और उन्होंने विधेयक के मसौदे को मंजूरी के लिए सदन में लाने से पहले उसके हर अल्पविराम और पूर्ण विराम का अध्ययन किया है। भारतीय न्याय संहिता में राजद्रोह के नए कानून में अलगाव, सशस्त्र विद्रोह, विध्वंसक गतिविधियों, अलगाववादी गतिविधियों या संप्रभुता या एकता को खतरे में डालने जैसे अपराधों को सूचीबद्ध किया गया है।

राजद्रोह के नए अवतार में क्या है: कानून के मुताबिक, कोई भी व्यक्ति जानबूझकर मौखिक या लिखित या संकेतों या दृश्य प्रतिनिधित्व या इलेक्ट्रॉनिक संचार या वित्तीय साधनों का इस्तेमाल करके अलगाव या सशस्त्र विद्रोह या विध्वंसक गतिविधियों को उत्तेजित करता है या उत्तेजित करने का प्रयास करता है, या अलगाववादी गतिविधियों की भावनाओं को प्रोत्साहित करता है या भारत की संप्रभुता या एकता और अखंडता को खतरे में डालता है या इस तरह के किसी भी कार्य में शामिल होता है या करता है।

पहले राजद्रोह से जुड़ी धारा 124 में क्या था

राजद्रोह से जुड़ी आईपीसी की धारा 124 के मुताबिक, अपराध में शामिल किसी भी व्यक्ति को आजीवन कारावास या तीन साल की जेल की सजा हो सकती है। नए कानूनों के तहत 'राजद्रोह' को एक नया शब्द 'देशद्रोह' मिला है। इस प्रकार ब्रिटिश काल के शब्द को हटा दिया गया है। साथ ही पहली बार भारतीय न्याय संहिता में आतंकवाद शब्द को परिभाषित किया गया है। यह आईपीसी में नहीं था। नए कानूनों के तहत मजिस्ट्रेट के जुर्माना लगाने के अधिकार को बढ़ाने के साथ ही अपराधी घोषित करने का दायरा बढ़ा दिया गया है।

पीएम आवास पर क्रिसमस, मोदी बोले- ईसाई समुदाय से मेरा बहुत पुराना हैं नाता

नई दिल्ली। सोमवार को देश में क्रिसमस का पर्व मनाया गया। इस खास मौके पर दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईसाई समुदाय के लोगों से मुलाकात की। इसके अलावा बच्चों ने क्रिसमस दिवस के मौके पर कार्यक्र म में हिस्सा लिया। जहां पीएम नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। वहीं दूसरी तरफ भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सोमवार को सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल कैथोलिक चर्च पहुंचे। यहां वह प्रर्थना में शामिल हुए। उन्होंने ईसा मसीह को मानवता के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। यह चर्च दिलली के गोल डाकखाना में स्थित है। पीएम आवास पर नरेंद्र मोदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ईसाई समुदाय के साथ मेरा बहुत पुराना और आत्मीय नाता रहा है। गुजरात के मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए मैं ईसाई समुदाय और उनके लीडर्स से अक्सर मिलता रहता था। पीएम मोदी ने आगे कहा कि सरकार के तौर पर हम ये सुनिश्चित कर रहे हैं कि विकास का फायदा हर किसी तक पहुंचे और कोई इससे अछूता न रहे। ईसाई समुदाय के लोगों तक विशेषकर गरीब और वंचितों तक भी आज देश में हो रहे विकास का लाभ पहुंच रहा है। 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य साथ हम अपनी विकास यात्रा को तेज गति से आगे बढ़ा रहे हैं। इस विकास यात्रा में हमारे सबसे महत्वपूर्ण साथी हमारे युवा हैं। चर्च पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि मैंने ईसा मसीह से आशीर्वाद लिया है। हम सभी जानते हैं कि भगवान यीशु हम सभी के लिए प्रेरणा के स्त्रोत रहे हैं। आज उन्हें और उनकी शिक्षाओं को याद करने का दिन है। उन्होंने आगे कहा कि हम उनसे प्रेरणा लेना चाहते हैं।

राजस्थान में कांग्रेस की योजनाएं बंद नहीं होगी

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को ऐलान किया कि राज्य में वे योजनाएं बंद नहीं होंगी, जिन्हें पिछली कांग्रेस सरकार ने शुरू किया था। सीएम ने कहा- हम कांग्रेस सरकार की किसी योजना को बंद नहीं करेंगे, बल्कि उन्हें और प्रभावी बनाया जाएगा। सीएम भजनलाल, सुशासन दिवस पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुए कार्यक्रम में बोल रहे थे। बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक्स (पहले ट्विटर) पर एक पोस्ट कर राज्य सरकार से कांग्रेस की योजनाओं के बारे में स्थिति स्पष्ट करने के लिए कहा था।

ईरानी नौसेना में नई स्वदेशी मिसाइल प्रणाली

तेहरान। ईरानी नौसेना ने रविवार को दक्षिणपूर्वी प्रांत सिस्तान और बलूचिस्तान में आयोजित एक समारोह में क्रूज मिसाइल प्राणाली और हेलीकॉप्टर सहित नए घरेलू हथियारों की आपूर्ति प्राप्त की। यह जानकारी सिन्हुआ ने सोमवार को सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए के हवाले से दी। रिपोर्ट के अनुसार, कोनारक काउंटी में आयोजित समारोह में सेना के कमांडर अब्दोलरहीम मौसवी, नौसेना कमांडर शाहराम ईरानी और अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारी शामिल हुए। आईआरएनए के अनुसार, हथियारों और उपकरणों में तलाइह और नासिर क्रूज मिसाइल प्रणाली, घरेलू इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणालियों से लैस और टोही अभियानों में सक्षम हेलीकॉप्टर और वाहक-लॉन्च कामिकेज ड्रोन शामिल हैं। श्री ईरानी ने समारोह में कहा कि तलइह प्रणाली की परिचालन सीमा 1,000 किलोमीटर है और यह उड़ान में दिशा परिवर्तित कर सकती है, जबकि 100 किलोमीटर की रेंज वाले नासिर में उच्च विनाशकारी शक्ति है।

अभिनेता कमाल आर खान मुंबई में हुए गिरफ्तार

मुंबई। सोमवार को कमाल आर खान को मुंबई में गिरफ्तार किया गया है। केआरके ने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर कर अपने फॉलोअर्स को खुद की गिरफ्तारी के बारे में जानकारी दी। कमाल ने दावा किया कि मुंबई पुलिस ने उन्हें 2016 के एक मामले में गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा कि जब वे दुबई जा रहे थे, तब पुलिस ने उन्हें मुंबई हवाई अड्डे पर पकड़ लिया था। केआरके ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के एक्स अकाउट को भी टैग किया। कमाल ने पोस्ट पर लिखा- मैं पिछले एक साल से मुंबई में हूं, और अपनी सभी अदालती तारीखों पर नियमित रूप से उपस्थित हो रहा हूं।

आज का इतिहास

- 1530: मुगल शासक बाबर का आगरा के समीप धौलपुर क्षेत्र में निधन।
- 1666: सिखों के धर्म गुरु गोविंद सिंह का जन्म।
- 1748: फ्रांस-ऑस्ट्रिया ने दक्षिणी हालैंड को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- 1776: अमेरिकी क्रांतिकारी युद्ध में ट्रेंटन की लड़ाई में जॉर्ज वाशिंगटन ने हेसियन को हराया।
- 1805: फ्रांस और ऑस्ट्रिया के बीच प्रेसबर्ग की शांति पर करार किए।
- 1831: कवि हेनरी लुईस विवियन डेरोजियो का कलकत्ता (अब कोलकाता) में निधन।
- 1854: पहली बार लकड़ी-लुगदी कागज का प्रदर्शन किया गया।
- 1893: कम्युनिस्ट पार्टी संस्थापक माओ तुंग का जन्म चीन में हुआ।

1898 : भौतिक विज्ञानी पियरे और मैरी क्यूरी ने रेडियम नामक एक नए तत्व के खोज की घोषणा की।

अमेरिका के रक्षा मंत्रालय का दावा, ईरानी ड्रोन से किया था हमला

मुंबई पहुंचा केम प्लूटो, इसी पर हुआ था अटैक, शिप का सामान दूसरे जहाज पर किया गया शिफ्ट

● नई दिल्ली

हमले की जांच करेगी नौसेना

भारतीय नौसेना हिंद महासागर से भारत आ रहे जहाज पर हमले की जांच करेगी। 23 दिसंबर को हुए ड्रोन अटैक के बाद एमवी केम प्लूटो नाम का जहाज आज मुंबई के तट पर पहुंचा। यहां इस शिप पर रखे सामान को दूसरे जहाज में शिफ्ट किया जाएगा। दरअसल, ड्रोन अटैक से जहाज में आग लगने के बाद इसे ऑपरेट करने में क्रू को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। भारतीय तट रक्षक दल का एक जहाज- आईसीजीएस विक्रम, केम प्लूटो को एस्कॉर्ट कर मुंबई लाया है। अब नौसेना के विस्फोटक आयुध निपटान दल (नेवल एक्सपलोसिव ऑर्डनेंस डिस्पोजल) की एक टीम जहाज के उस हिस्से का जायजा लेगी जहां अटैक हुआ और उसे साफ भी करेगी।

ईरान की जमीन से हमला

अमेरिका के रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने दावा किया है कि 23 दिसंबर को भारत आ रहे जहाज पर हमला न सिर्फ ईरानी ड्रोन से हुआ बल्कि वो ड्रोन भी ईरान से ही दागा गया था। मैरीटाइम कंपनी ऑम्ब्रे के मुताबिक ये पहला ऐसा हमला है जो सीधे ईरान की तरफ से किया गया है। वहीं, अमेरिका जो अब तक ईरान पर हूतियों का समर्थन करने के आरोप लगा रहा था उसने अब सीधे ईरान पर हमले के आरोप लगाए हैं। इस आरोप पर ईरान ने अभी तक कुछ नहीं कहा है। वहीं, हूती विद्रोहियों ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने इलाके में अपनी मनमानी रोकी नहीं तो लाल सागर जल उठेगा।

हूतियों की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि यमन की नेवी लाल सागर में पैट्रोलिंग कर रही थी तभी एक अमेरिकी युद्ध पोत ने हमले करना शुरू कर दिया। इस बीच गलती से एक मिसाइल से गैबॉन देश के एक जहाज के नजदीक विस्फोट हो गया। जो रूस की तरफ से आ रही था। लाल सागर में जहाजों की आवाजाही पर जो असर पड़ा है वो अमेरिका के दबदबे का नतीजा है जो बिना किसी अधिकार के अपने साथियों के साथ इस इलाके में मौजूद हैं। एक दिन में भारतीय क्रू मेंबर्स वाले 2 जहाजों पर हमला 23 दिसंबर सुबह 10 बजे एमवी केम प्लूटो पर हुए हमले के बाद शाम को भारतीय क्र मेंबर्स वाले एक और जहाज पर हमला हुआ। इसमें 25 भारतीय मौजूद थे।

ड्रोन हमले के बाद नेवी ने अरब सागर में तैनात किए 3 युद्धपोत

शनिवार को पोरबंदर से लगभग 217 समुद्री मील की दूरी पर 21 भारतीय चालक दल के सदस्यों वाले वाणिज्यिक जहाज पर एक ड्रोन हमला किया गया था, जिसके बाद भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल ने जहाज को सहायता प्रदान करने के लिए कई पोत तैनात किए। वाणिज्यिक जहाजों पर हाल के हमलों के मद्देनजर, नौसेना ने क्षेत्र में अपनी प्रतिरोधक उपस्थिति बनाए रखने के लिए युद्धपोत आईएनएस मोर्मुगाओ, आईएनएस कोच्चि और आईएनएस कोलकाता को तैनात किया है। लंबी दूरी के समुद्री टोही विमान पी8आई को भी लगाया गया है।

24 घंटे में कोरोना के 628 नए केस



- देशभर में एक्टिव केस की संख्या हुई 4 हजार के पार
- जेएन.1 वैरिएंट के 63 मामले, महाराष्ट्र के मंत्री भी पॉजिटिव

नई दिल्ली। देश में 24 घंटे में कोरोना के 628 मामले सामने आए हैं। एक्टिव केस की संख्या 4 हजार 52 पहुंच गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, नए वैरिएंट के देश में 63 मामले मिले हैं। गोवा में 34, महाराष्ट्र में 9 और कर्नाटक में 8 मामले नए वैरिएंट के हैं। 24 घंटे में 315 लोग कोरोना से रिकवर हुए हैं। कोरोना का सबसे ज्यादा असर केरल में देखने को मिल रहा है। 24 घंटे में 376 मामले सामने आए हैं और एक मरीज की मौत हुई है, इनमें 6 केस नए वैरिएंट के हैं।

राज्य में पिछले 5 दिन में 8 मरीजों ने दम तोड़ा है। केरल के बाद कोरोना का सबसे ज्यादा असर कर्नाटक और महाराष्ट्र मे हैं। कर्नाटक में 24 घंटे में 125 केस और महाराष्ट्र में 50 मामले सामने आए है। महाराष्ट्र सरकार के मंत्री धनंजय मुंडे भी कोरोना पॉजिटिव हो गए हैं। धनंजय मुंडे के मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि नागपुर में विधानसभा सत्र के दौरान 20 दिसंबर को ही वे पॉजिटिव हो गए थे। 21 दिसंबर को वे अपने घर लौट गए और आइसोलेट हो गए। उन्हें फिलहाल कोई लक्षण नहीं हैं। वे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और मीटिंग भी करने लगे हैं। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा- महाराष्ट्र में कोरोना को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। राज्य में कोरोना की स्थिति पर अधिकारी नजर बनाए हुए हैं।

चीन में कोरोना के नए वैरिएंट ने एक बार फिर मचाया हाहाकार

बीजिंग, (आरएनएन)। चीन में एक बार फिर कोरोना का प्रभाव देखने को मिलने लगा है. यहां, संक्रमण की रफ्तार तेजी के साथ बढ़ती जा रही है। हालात ये गए हैं कि चीन के शवदाह कोरोना के कारण होने वाली मौतों की वजह से 24 घंटे काम कर रहे हैं। श्मशान घाटों पर लगने लगीं लम्बी लाइनें, लाशों का अंबार लग रहा है।

भारत आने वाले फ्रांसीसी विमान को प्रस्थान की मिली अनुमति

मानव तस्करी के संदेह पर हुई थी जांच शुरू

पेरिस। भारत आने वाले फ्रांसीसी विमान को तीन दिनों बाद सोमवार सुबह प्रस्थान की अनुमति मिली। फ्रांसीसी मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी।

भारत सरकार ने मामले को लेकर फ्रांस का शुक्रिया अदा किया है। फ्रांस में मौजूद भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि फ्रेंच सरकार और वैट्री एयरपोर्ट का जल्द से जल्द स्थिति का समाधान निकालने के लिए धन्यवाद। दूतावास ने आगे कहा कि सुरक्षित वापसी के लिए हम साइट पर मौजूद रहे। वहीं उड़ान के रोमानियाई ऑपरेटर, लीजेंड एयरलाइंस के एक वकील का हवाला देते हुए, यूरोप 1 चैनल ने बताया कि मानव तस्करी के संदेह में पिछले सप्ताह फ्रांसीसी हवाईअड्डे पर रोके गए यात्री विमान को स्थानीय समयानुसार सोमवार सुबह करीब नौ बजे प्रस्थान की अनुमति मिली। पेरिस में भारतीय दूतावास ने पिछले शुक्रवार को घोषणा की थी कि उसे मार्ने में ईंधन भरने के दौरान यूएई से निकारागुआ जा रहे एक विमान में सवार 303 यात्रियों, मुख्य रूप से भारतीयों को हिरासत में लेने की फ्रांसीसी अफसरों से अधिसूचना मिली थी। फ्रांसीसी मीडिया ने बताया कि यह एक अज्ञात चेतावनी के कारण था जिसमें आरोप लगाया गया था कि कुछ यात्री मानव तस्करी के शिकार हो सकते हैं।

सैन्य प्रमुख बोले- बहुत ही पेशेवर तरीके से अभियान संचालित करे

सेना प्रमुख मनोज पांडे ने पुंछ इलाके का दौरा किया

● राजौरी / जम्मू

पुंछ में पिछले हफ्ते घात लगाकर किए गए हमले में चार जवानों की मौत के बाद आतंकवादियों की तलाश में जारी अभियान के बीच सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने सोमवार को मौके का दौरा किया और कमांडरों को 'बहुत ही पेशेवर तरीके से अभियान संचालित करने के लिए प्रोत्साहित किया। थल सेनाध्यक्ष ने उनसे सभी चुनौतियों के प्रति दृढ़ रहने को भी कहा।

पुंछ जिले में सुरनकोट थाना क्षेत्र के अंतर्गत ढेरा की गली और बफलियाज के बीच धत्यार मोड़ पर आतंकवादियों ने सेना के वाहनों पर गुरुवार को घात लगाकर हमला कर दिया था, जिसमें चार जवानों की जान चली गई थी। सेना के अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय (एडीजीपीआई) ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, जनरल मनोज पांडे ने पुंछ सेक्टर का दौरा किया और उन्हें मौजूदा सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी दी गई। सेना प्रमुख ने मौके पर कमांडरों के साथ बातचीत की तथा उन्हें बहुत ही पेशेवर तरीके से अभियान चलाने और सभी चुनौतियों के खिलाफ दृढ़ रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि सेना प्रमुख बाद में राजौरी में 25 इन्फेंट्री डिवीजन मुख्यालय गए और वहां मौजूद कमांडरों ने उन्हें समग्र सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी दी।

बाइडेन के प्लेन के ऊपर नजर आया यूएफओ

● वॉशिंगटन

रिपोर्ट में दावा- 10 दिसंबर को एयरफोर्स वन में मौजूद थे यूएस प्रेसिडेंट, वीडियो वायरल

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के स्पेशल एयरक्राफ्ट एयरफोर्स वन के ऊपर 10 दिसंबर को एक उड़न तश्तरी या यानी यूएफओ नजर आया था। घटना के वक्त बाइडेन चुनाव के लिए चंदा जुटाने के लिए लॉस एंजिलिस जा रहे थे। इसी दौरान लॉस एंजिलिस इंटरनेशनल एयरपोर्ट के करीब एयरफोर्स वन के ऊपर और आसपास संदिग्ध उड़न तश्तरी नजर आई। एयरपोर्ट के करीब रहने वाले दो भाइयों पीटर और जोशुआ सोलोरजानो ने इसके फुटेज कैप्चर किए। पेंटागन या होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट की तरफ से अब तक इस बारे में ऑफिशियली कुछ नहीं कहा गया है।

अमेरिका के दो मीडिया आउटलेट्स 'न्यूयॉर्क पोस्ट' और 'न्यूज मैक्स' ने कथित यूएफओ (अन-आईडेंटीफाइड फ्लाइंग ऑब्जेक्ट्स) देखे जाने पर रिपोर्ट्स पब्लिश की हैं। फुटेज कैप्चर करने वाले दोनों भाइयों पीटर और जोशुआ को अमेच्योर प्लेन ट्रैकर्स बताया गया है।

नीतीश बोले- मुझे पद की लालसा नहीं, इंडी गठबंधन से नाराज नहीं

पटना। बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने इंडिया से नाराजगी की खबरों को खारिज कर दिया है। उन्होंने सोमवार को कहा है कि वे किसी बात को लेकर नाराज नहीं हैं। साथ ही यह भी कहा कि हमको गठबंधन से कुछ नहीं चाहिए। मुझे पद की लालसा नहीं है। दिल्ली में 19 दिसंबर को इंडिया की चौथी बैठक हुई थी। ममता बनर्जी ने पीएम पद के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम सुझाया था। इसके बाद से नीतीश की नाराजगी की बातें सामने आ रही थीं। नीतीश ने बिहार में महागठबंधन सरकार को लेकर कहा कि यहां भी सब ठीक है। हम सब मिलकर काम कर रहे हैं। नीतीश कुमार पटना में सोमवार को पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी जयंती के मौके पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे।

क्रिसमस पर 2 टन प्याज से बनाया सैंटा क्लॉज

नई दिल्ली। देशभर में सोमवार को क्रिसमस का त्योहार मनाया जा रहा है। ओडिशा के पुरी बीच पर 2 टन प्याज और रेत से 100 फीट लंबा सैंटा क्लॉज बनाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया है। सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने जिंगल बेल गाना गाया। रात 12 बजे देश के सभी चर्चों में प्रभु ईसा मसीह के जन्मदिन की सूचना दी गई। इसके बाद केक काटकर लोगों ने मैरी क्रिसमस विश किया और जश्न मनाया। रंग-बिरंगी रोशनी, लेजर लाइट, कैंडिल्स और फूलों से सजे चर्चों में लोगों ने क्रिसमस सेलिब्रेट किया।

गाजा सुरंगों में मिले पांच बंधकों के शव

तेल अवीव। गाजा सिटी में इजराइली सेना को एक सुरंग में बंधक बनाए गए 5 लोगों के शव मिले हैं। सेना ने कहा- हमारा मकसद हमास के साथ उसके टनल नेटवर्क को तबाह करना है। रविवार शाम हमें एक सुरंग में 5 लोगों के शव मिले। इन लोगों को हमास आतंकियों ने 7 अक्टूबर को बंधक बनाया था। वहीं, इजराइली सेना ने रविवार देर रात मघाजी रेफ्यूजी कैंप पर हमला किया। इसमें 70 लोगों की मौत हो गई। वहीं, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ कर दिया है कि उनका देश हमास के खिलाफ जारी जंग में किसी दूसरे देश के दबाव में नहीं आएगा। रविवार को मीडिया से बातचीत में नेतन्याहू ने कहा- अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से मेरी वार्ता हुई है। मैंने उन्हें बता दिया है कि इजराइल इस बार अपने टारगेट हासिल किए बिना जंग बंद नहीं करेगा।

बंधकों को छुड़ाना पहला टारगेट : इजराइली प्रधानमंत्री ने आगे कहा- हमारे 1200 नागरिक मारे गए। अब गाजा में जंग तब तक नहीं रुकेगी, जब तक हम अपने सभी टारगेट हासिल नहीं कर लेते। सबसे पहले बंधकों को छुड़ाएंगे।

सलार... 3 दिन में 400 करोड़ पार

मुंबई। प्रभास की फिल्म सलार ने तीसरे दिन ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 400 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया। रविवार को इसने 106 करोड़ रुपए कमाए। उधर, शाहरुख खान की डंकी 4 दिन में ग्लोबली 215 करोड़ ही कमा पाई। सलार अब तीन दिन में 400 करोड़ कमाने वाली तीसरी फिल्म बन गई है। इससे पहले बाहुबली-2 और आरआरआर ने तीन दिनों में 400 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार किया था। इंडस्ट्री ट्रैकर की मानें तो इंडियन बॉक्स ऑफिस पर तीसरे दिन फिल्म ने 61 करोड़ की कमाई की। इसके साथ ही इसका टोटल डोमेस्टिक कलेक्शन 208 करोड़ रुपए हो चुका है। रविवार को फिल्म के हिंदी वर्जन की ऑक्यूपेंसी 48.27 प्रतिशत रही। वहीं नॉर्थ अमेरिका में सलार ने अब तक 5.1 मिलियन डॉलर की कमाई कर ली है।

सलार का ग्लोबल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन

डे-1 (शुक्रवार) -	178.7 करोड़
डे-2 (शनिवार)-	117 करोड़
डे-3 (रविवार)-	106.3 करोड़
टोटल-	402 करोड़

Filmiतड़का

रणबीर-आलिया ने क्रिसमस पर फैंस को दिया तोहफा...

दिखाया बेटी का चेहरा, नीली आंखों वाली राहा पर फैंस लुटा रहे प्यार

मुंबई। आखिरकार वह पल आ गया जिसका सभी को बेसब्री से इंतजार था। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट ने अपनी बेटी राहा का चेहरा दिखा दिया है। राहा की पहली झलक ने हर किसी को दीवाना बना दिया है। क्यूट ब्यू आईस वाली राहा से लोग नजरें नहीं हटा पा रहे हैं। वीडियो पर कमेंट्स की बाढ़ आ गई है। वहीं राहा की पहली झलक सामने आते ही फैंस के बीच एक नई डिबेट शुरू हो गई है। कई लोगों ने कहा कि राहा कपूर खानदान पर गई है। ज्यादातर लोगों ने राहा को ऋषि कपूर की परछाईं बताई है। जी हां, कई सोशल मीडिया यूजर ने कमेंट में लिखा कि राहा अपने दादा पर गई है। रणबीर-आलिया ने जीता फैंस का दिल: सोशल मीडिया पर वायरल हो रही राहा की ये क्यूट तस्वीरों ने लोगों का दिल जीत लिया है। ये कहना गलत नहीं होगा कि आज रणबीर और आलिया ने अपने फैंस को ये तोहफा देकर उनका दिन बना दिया है। बता दें कि हाल ही में रणबीर और आलिया का राहा का पहला जन्मदिन मनाया था।

बहन अर्पिता के घर अरबाज खान ने किया निकाह, 56 की उम्र में दूसरी बार बने दूल्हा

पत्नी शुरा खान के साथ फोटोज शेयर किए

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर और फिल्ममेकर अरबाज खान ने 56 साल की उम्र में दूसरी शादी मेकअप आर्टिस्ट शुरा खान से की। दोनों की निकाह सेरेमनी रविवार देर शाम अरबाज की बहन अर्पिता खान के घर पर हुई। देर रात अरबाज ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पत्नी शुरा के साथ फोटो शेयर की। इसे शेयर करते हुए अरबाज ने लिखा- हमारे प्रियजनों की मौजूदगी में, हमने हमेशा के लिए प्यार और एकजुटता की शुरुआत की है। हमारे इस खास दिन पर आप सभी का आशीर्वाद व शुभकामनाएं चाहिए। रवीना ने वीडियो शेयर कर शादी की बधाई दी देर शाम रवीना टंडन ने एक थ्रोबैक वीडियो शेयर किया।

खबर संक्षेप

खाद्य पदार्थों की कीमत नियंत्रित करेगी सरकार

नई दिल्ली। मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि केंद्र ने खाद्य पदार्थों की खुदरा कीमतों को नियंत्रित करने के लिए पिछले कुछ साल में कई सक्रिय कदम उठाए हैं। सरकार देश की आर्थिक वृद्धि सुनिश्चित करते हुए मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखेगी। वह यहां राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर मंत्रालय द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

सॉफ्टबैंक ने फर्स्टक्राई में 31 करोड़ डॉलर के शेयर बेचे

नई दिल्ली। विभिन्न कारोबारों से जुड़े जापानी समूह सॉफ्टबैंक ने खुदरा दुकानें चलानी वाली फर्स्टक्राई में 31 करोड़ डॉलर मूल्य के शेयर बेचे हैं। यह शेयर ऐसे समय बेचे गये हैं, जब कंपनी इस सप्ताह आरंभिक सार्वजिक निर्गम के लिए बाजार नियामक सेबी के पास विवरण पुस्तिका जमा करने वाली है। फर्स्टक्राई में 630 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे हैं।

एफपीआई ने इस माह किया 57300 करोड़ का निवेश

नई दिल्ली। एफपीआई ने राजनीतिक स्थिरता की संभावनाओं को देखते हुए इस महीने अब तक भारतीय शेयर बाजारों में 57,300 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। इसके पीछे भारत की आर्थिक वृद्धि में मजबूती दर्शाने वाले आंकड़ों और अमेरिकी बांड प्रतिफल में लगातार गिरावट होने की भी अहम भूमिका रही है।

बाजार पूंजीकरण में रिलायंस सबसे आगे

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के बीच बीते सप्ताह देश की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से तीन का संयुक्त बाजार मूल्यांकन 70,312.7 करोड़ रुपये बढ़ गया जिनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे आगे रही। पिछले सप्ताह रिलायंस इंडस्ट्रीज के अलावा एचडीएफसी बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर लाभ की स्थिति में रहीं।

रिलायंस व डिजनी ने मिलाया हाथ, देश की सबसे बड़ी एंटरटेनमेंट कंपनी लेगी जन्म

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के सबसे अमीर शख्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी ने एंटरटेनमेंट जगत का सबसे बड़ा सौदा हथिया लिया है। इसके सौदे के पूरा हो जाने के बाद रिलायंस भारत की सबसे बड़ी एंटरटेनमेंट कंपनी बन जाएगी। रिलायंस और वॉल्ट डिजनी के बीच एक नॉन-बाइडिंग एग्रीमेंट साइन किया गया है। इसके तहत वॉल्ट डिजनी के भारतीय कारोबार का 51 फीसदी रिलायंस का हो जाएगा।

- वॉल्ट डिजनी के भारतीय कारोबार का 51 फीसदी रिलायंस का हो जाएगा

एंटरटेनमेंट बिजनेस का यह सबसे बड़ा मर्जर फरवरी, 2024 तक पूरा हो सकता है। रिपोर्ट में बताया गया कि मुकेश अंबानी के स्वामित्व वाली रिलायंस को इसमें 51 फीसदी हिस्सेदारी मिलेगी और 49 फीसदी हिस्सा डिजनी का होगा। इस मर्जर में कैश और स्टॉक्स दोनों शामिल हैं। इसके पूरा होने के साथ ही रिलायंस-डिजनी देश की सबसे बड़ी एंटरटेनमेंट कंपनी बन जाएगी।

मुकेश अंबानी और वॉल्ट डिजनी के बीच नॉन-बाइडिंग एग्रीमेंट साइन किया गया

जिओ सिनेमा और डिजनी हॉटस्टार में चल रही थी टक्कर

इस मर्जर में जियो सिनेमा को भी शामिल किया गया है। इसके पास आईपीएल के ऑनलाइन राइट्स हैं। इससे पहले यही राइट्स डिजनी हॉटस्टार के पास थे। इस सेक्टर में अंबानी को टक्कर डिजनी से ही मिल रही थी। आईपीएल के ऑनलाइन राइट्स जाने के बाद से ही डिजनी हॉटस्टार के यूजर्स घटने लगे थे।

अमेजन प्राइम, नेटफ्लिक्स, जी और सोनी की चिंता बढ़ेगी

आरआईएल और वॉल्ट डिजनी के मर्जर से जी नेटवर्क, सोनी टीवी, अमेजन प्राइम और नेटफ्लिक्स को सीधी टक्कर मिलेगी। मौजूदा समय में आरआईएल की जिओ कई ऐप्स के और वियाकॉम18 के साथ मीडिया एवं एंटरटेनमेंट सेक्टर में मौजूद है।

अगले महीने हो सकता है ऐलान

इस मर्जर का ऐलान अगले महीने की शुरुआत में हो सकता है। प्रस्ताव के तहत, किसी भी नकद और स्टॉक स्वैप लेनदेन के पूरा होने के बाद डिजनी भारतीय कंपनी में माइनॉरिटी शेयर जरूर रखेगी।

भारतीय कारोबार को बेचना चाहती थी डिजनी

रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी 2023 से ही डिजनी अपने भारतीय कारोबार को बेचने या ज्वाइंट वेंचर के लिए किसी भारतीय कंपनी को पार्टनर बनाने की कोशिश में जुटी थी। डिजनी के कई टीवी चैनल और हॉटस्टार स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म भी है। मर्जर के बाद दोनों कंपनियां पार्टियां मिलकर 1 से 1.5 अरब डॉलर तक का निवेश कर सकती है।

सरकार ने अपनी निजीकरण की कार्रवाई लगभग रोक दी

आम चुनाव से पहले विनिवेश हुआ धीमा, वर्ष 2023-24 का लक्ष्य फिर चूकने की आशंका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आम चुनाव नजदीक आने के साथ ही सरकार ने अपनी निजीकरण की कार्रवाई लगभग रोक दी है और अब शेयर बाजारों में अल्पांश हिस्सेदारी बेचने का विकल्प चुना है। कुछ चुनिंदा घरानों को हिस्सेदारी बेचने के विपक्षी दलों के आरोपों के बीच सरकार ने यह कदम उठाया है।

हालांकि, इसके परिणामस्वरूप चालू वित्त वर्ष 2023-24 के विनिवेश लक्ष्य से फिर चूकने की आशंका है। भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल), शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एससीआई) और कॉनकॉर जैसी बड़ी निजीकरण योजनाएं पहले से ही ठंडे बस्ते में हैं। विश्लेषकों का मानना है कि सार्थक निजीकरण अप्रैल/मई के आम चुनाव के बाद ही हो सकता है।

आईपीओ व ओएफएस से 10049 करोड़ एकत्र

चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 51,000 करोड़ रुपये की बजट राशि में से करीब 20 प्रतिशत यानी 10,049 करोड़ रुपये आईपीओ (आरंभिक सार्वजनिक निर्गम) और ओएफएस (बिक्री पेशकश) के माध्यम से अल्पांश हिस्सेदारी की बिक्री के जरिए एकत्र किए गए।

कुल 11 लेनदेन लंबित है

कुल मिलाकर करीब 11 लेनदेन हैं जो वर्तमान में डीआईपीएएम (निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग) में लंबित हैं। वहीं राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल), कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (कॉनकॉर) और एआई एसेट होल्डिंग लिमिटेड (एआईएएचएल) की अनुषंगी कंपनियां जो अब निजीकृत एयर इंडिया की पूर्व अनुषंगी कंपनियों का स्वामित्व रखती हैं... इन्हें आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) की 'सैद्धांतिक' मंजूरी पहले ही मिल चुकी है, लेकिन डीआईपीएएम द्वारा ईओआई (एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट) आमंत्रित नहीं किए गए हैं।

- अब शेयर बाजारों में अल्पांश हिस्सेदारी बेचने का चुना विकल्प
- विपक्ष ने कुछ चुनिंदा घरानों को हिस्सेदारी बेचने का लगाया आरोप
- बीपीसीएल, एससीआई और कॉनकॉर जैसी बड़ी निजी योजनाएं ठंडे बस्ते में

विभाजन की प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं

एससीआई, एनएमडीसी स्टील लिमिटेड, बीईएमएल, एचएलएल लाइफकेयर और आईडीबीआई बैंक सहित कई केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (सीपीएसई) की रणनीतिक बिक्री चालू वित्त वर्ष में पूरी होने वाली है। हालांकि, अधिकांश सीपीएसई के संबंध में मुख्य एवं गैर-प्रमुख परिसंपत्तियों की विभाजन की प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं हुई है और वित्तीय बोलियां आमंत्रित करने में देरी हुई है।

पीएसयू हिस्सेदारी की बिक्री कम रही

2021-2022 की तुलना में 2023 में प्रमुख पीएसयू हिस्सेदारी बिक्री की संख्या कम रही है। श्रीवास्तव ने कहा, 'विस्तारित नियामक प्रक्रियाओं, वैश्विक आर्थिक अस्थिरता, कुछ क्षेत्रों में निजीकरण का राजनीतिक विरोध और 2024 के आम चुनाव से पहले सरकारी प्राथमिकताओं में बदलाव सहित विभिन्न कारकों के कारण विनिवेश की प्रवृत्ति में हाल ही में गिरावट देखी गई है।'

पीएसयू की बिक्री की गति धीमी हुई

रेटिंग एजेंसी फिच ने इस महीने की शुरुआत में अनुमान लगाया था कि मौजूदा नरेन्द्र मोदी प्रशासन के 2024 में चुनाव के बाद सत्ता में दोबारा लौटने की 'सबसे अधिक संभावना' है। शोध संस्थान 'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव' (जीटीआरआई) के सह-संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि भारत में पीएसयू (सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम) की हिस्सेदारी की बिक्री गति हाल ही में धीमी हो गई है।

अदाणी ग्रीन एनर्जी का सेकी से सौर बिजली आपूर्ति समझौता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की प्रमुख नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी (एजीईएल) ने 1,799 मेगावाट सौर ऊर्जा की आपूर्ति के लिए सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सेकी) के साथ बिजली खरीद समझौते (पीपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं।

- अदाणी ग्रीन 1799 मेगावाट ऊर्जा की आपूर्ति करेगी
- कंपनी को जून, 2020 में सेकी से यह अनुबंध मिला था

अदाणी ग्रीन एनर्जी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि इस पीपीए पर हस्ताक्षर के साथ कंपनी ने 8,000मेगावाट के विनिर्माण-संबद्ध सौर निविदा के तहत बिजली आपूर्ति का समझौता पूरा कर लिया है। कंपनी को जून, 2020 में सेकी से यह अनुबंध मिला था। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अमित सिंह ने बयान में कहा, 'अदाणी ग्रीन एनर्जी न केवल देश में कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लक्ष्य की दिशा में बल्कि आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण में भी योगदान दे रही है।' सिंह ने कहा, हमें सबसे बड़े हरित पीपीए को पूरा करने और एक भरोसेमंद ऊर्जा परिदृश्य को साकार करने में खुशी हो रही है। भारत के वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) हरित ईंधन क्षमता हासिल करने के लक्ष्य के अनुरूप अदाणी ग्रीन 45 गीगावाट से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा उपलब्ध कराने को प्रतिबद्ध है।

यह हमारी मौजूदा परिचालन क्षमता का पांच गुना है। कंपनी ने सेकी की विनिर्माण से जुड़ी सौर पीवी निविदा की प्रतिबद्धताओं को पूरा किया है।

अदाणी ग्रीन के पास मुंद्रा सोलर के 26 फीसदी शेयर

अदाणी ग्रीन के पास अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी अदाणी रिन्यूएबल एनर्जी होल्डिंग फोर लिमिटेड के माध्यम से मुंद्रा सोलर एनर्जी लिमिटेड के 26 प्रतिशत शेयर हैं।

इनक्रेड यूनिकॉर्न प्रौद्योगिकी कंपनी बनी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- छह करोड़ डॉलर का वित्तपोषण जुटाने में रही सफल
- कंपनी का कुल मूल्यांकन 1.04 अरब डॉलर हो गया

वित्त-प्रौद्योगिकी कंपनी इनक्रेड वित्तपोषण के नए दौर में छह करोड़ डॉलर का वित्त जुटाने के साथ ही यूनिकॉर्न कंपनियों के विशेष समूह में शामिल हो गई है। एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन वाली नई कंपनियों को यूनिकॉर्न की श्रेणी में रखा जाता है।इनक्रेड ने एक बयान में कहा कि वित्तपोषण के सीरीज-डी दौर में उसने नए एवं मौजूदा निवेशकों से छह करोड़ डॉलर जुटाने में सफलता हासिल की है। इस तरह कंपनी का कुल मूल्यांकन 1.04 अरब डॉलर हो गया है।

इसके साथ ही इनक्रेड यूनिकॉर्न का दर्जा पाने वाली इस साल की दूसरी कंपनी बन गई है। इनक्रेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी भूपिंदर सिंह ने कहा, 'यह वित्तपोषण हमारे सफर में एक खास मुकाम रखता है और हमें यूनिकॉर्न के दर्जे तक ले जाता है। हम अपने निवेशकों से मिले समर्थन के लिए आभारी हैं।' वित्तपोषण के इस दौर की अगुवाई एमईएमजी के रंजन पई ने 90 लाख डॉलर के साथ की।

आरपी ग्रुप व डॉयचे बैंक ने किया निवेश

आरपी ग्रुप के चेयरमैन रवि पिल्लई ने 54 लाख डॉलर और डॉयचे बैंक में प्रमुख (निश्चित आय एवं मुद्रा) ने भी 12 लाख डॉलर का निवेश किया है।

नाबार्ड तीन दिवसीय कृषि प्रदर्शनी आयोजित करेगा



नई दिल्ली। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) 50 से अधिक किसान-उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए तीन दिवसीय कृषि प्रदर्शनी आयोजित करेगा। नाबार्ड ने एक बयान में कहा कि दिल्ली हाट में आयोजित होने वाली प्रदर्शनी में 21 राज्यों के एफपीओ की भागीदारी होगी। बयान के अनुसार प्रदर्शनी में भारत सरकार की 10,000 एफपीओ की प्रमुख योजना के तहत नाबार्ड और लघु किसान कृषि व्यवसाय गठजोड़ द्वारा समर्थित एफपीओ शामिल होंगे, जो जैविक और मोटा अनाज आधारित कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करेंगे। नाबार्ड ने बयान में कहा कि प्रदर्शनी का उद्देश्य भारत के कृषि परिदृश्य को बदलने में एफपीओ के अविश्वसनीय प्रयासों और उपलब्धियों पर प्रकाश डालना है।

छोटे शेयर 2023 में दलाल स्ट्रीट की बने पहली पसंद

नई दिल्ली। छोटे शेयर 2023 में दलाल स्ट्रीट की पहली पंसद बने रहे। देश के बेहतर आर्थिक बुनियादी सिद्धांतों और भारी खुदरा निवेशकों की भागीदारी से इक्विटी बाजार के लिहाज से 2023 एक लाभप्रद वर्ष साबित हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि शेयर बाजारों में लंबे समय से तेजी का दौर जारी है। मिडकैप और स्मॉलकैप खंड अपने बड़े समकक्षों से आगे निकल रहे हैं। इस साल 22 दिसंबर तक बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में 13,074.96 अंक या 45.20 प्रतिशत का आया, जबकि मिडकैप सूचकांक 10,568.18 अंक या 41.74 प्रतिशत चढ़ा। वहीं इस अवधि में बीएसई का 30 शेयर वाले सूचकांक सेंसेक्स में 10,266.22 अंक या 16.87 प्रतिशत की तेजी आई। इस साल 20 दिसंबर को स्मॉलकैप सूचकांक 42,648.86 अंक के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया और उसी दिन मिडकैप सूचकांक भी 36,483.16 अंक के अपने रिकॉर्ड शिखर पर पहुंच गया।

- शेयर बाजार में लंबे समय से तेजी का दौर जारी है
- मिडकैप और स्मॉलकैप खंड अपने बड़े समकक्षों से आगे निकल रहे

बाजार ने नई ऊंचाई देखी

कोचर ने इक्विटी बाजार के लिहाज से 2023 को एक 'बड़ा वर्ष' करार दिया। उन्होंने कहा, 'हमने व्यापक भागीदारी के साथ नई ऊंचाई देखी है।' विशेषज्ञों का मानना है कि 2023 में भारी तेजी के बाद निकट अवधि में छोटे शेयरों में सुधार आ सकता है।

बिजनेस साइट

सुमीत बाजार का 'गुड बाय' ऑफर, निश्चित खरीदी पर आकर्षक उपहार

रायपुर। न्यू ईयर के मद्देनजर सुमीत बाजार में 'गुड बाय' ऑफर की पेशकश की गई है जिसमें ग्राहक एक निश्चित खरीदी करने पर मात्र 1 रुपए और देकर शानदार उपहार के हकदार होंगे। साथ ही सुमीत बाजार से शॉपिंग कर सुमीत ग्रुप की उपहार योजना 'शॉपिंग उत्सव' में शामिल हो सकेंगे, जिसमें 10 करोड़ से अधिक के उपहार है। यही नहीं इस योजना के मिनी ड्रॉ में टाटा नेक्सन कार, ओला बाइक जैसे खड़े उपहार भी जीते जा सकेंगे। सुमीत बाजार में शॉपिंग पर दिए जा रहे गुड बाय ऑफर की बात करें तो 599 रुपए की खरीदी करने पर एक रुपए और देकर उपहार में ब्रांडेड कुशन कव्हर पा सकते हैं जिसका बाजार मूल्य 149 रुपए से ज्यादा का है। इसी तरह 999 रुपए की खरीदी पर 1 रुपए में ब्रांडेड पॉवर एडाप्टर, स्टीरियो हेडफोन, एलईडी लैंप मिलेगा। 2199 रुपए की खरीदी पर लैपटॉप बैग विथ पाउच, 3999 रुपए की खरीदी पर एक्सपोर्ट क्वालिटी की चटई, 6999 रुपए की खरीदी पर ब्रांडेड डबल बेड बेडशीट और 15,999 रुपए की खरीदी पर एक रुपए में ट्राली डफल बैग व ब्रांडेड डेस्कटॉप ऑडियो के साथ नाइट लैंप में उपहार में मिल रहा है। 25,999 रुपए की खरीदी पर एक रुपए में 12399 रुपए से ज्यादा मूल्य का ट्रेवल सेट उपहार में मिल रहा है। यह ऑफर केवल 31 दिसंबर, 2023 तक खरीदी पर लागू है। सुमीत बाजार के संचालकों के मुताबिक यहां की गई एक खरीदारी ग्राहकों को दो बार इनाम और साथ में पांच कूपन पर फ्री गिफ्ट भी है। इस तरह डबल धमाका ऑफर के तहत 25 दिसंबर से 31 दिसंबर, 2023 तक की गई शॉपिंग आपके लिए यादगार हो सकती है।

क्रिसमस के मौके पर बंद रहा शेयर बाजार

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार के लिए साल 2023 के अंतिम सप्ताह की शुरुआत छुट्टी के साथ हुई है। सोमवार 25 दिसंबर को क्रिसमस के मौके पर प्रमुख शेयर बाजार जैसे बीएसई और एनएसई में कारोबार स्थगित रहा। बाजार में मंगलवार से सामान्य कारोबार शुरू होगा। बीएसई की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार, सोमवार को क्रिसमस के उपलक्ष्य में बाजार बंद रहा। इस कारण इक्विटी सेगमेंट, इक्विटी डेरिवेटिव सेगमेंट और सिक्योरिटी लेंडिंग एंड बॉरोइंग सेगमेंट में कोई कारोबार नहीं हुआ।

अब 4 दिनों का ही कारोबार

अगर शनिवार और रविवार को जोड़ दें तो दिसंबर महीने में शेयर बाजार की कुल 11 दिनों की छुट्टी है। साल के आखिरी सप्ताह में बाजार में 4 दिन का ही कारोबार होने वाला है, क्योंकि साल के अंतिम दो दिनों में शनिवार और रविवार के चलते बाजार बंद रहने वाला है। इस तरह अंतिम सप्ताह में बाजार की तीन-तीन छुट्टियां पड़ रही हैं।

अब तक तीन करोड़ हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में गेहूं बुवाई

नई दिल्ली। पिछले साल गेहूं पकने के समय लू के कारण नुकसान का सामना करने के बाद, इस बार ज्यादातर किसान जलवायु अनुकूल गेहूं किस्मों की खेती कर रहे हैं। यह नई किस्म बुवाई के कुल रकबे के 60 प्रतिशत से अधिक हिस्से में बोई गई हैं। कृषि आयुक्त पी के सिंह के अनुसार जलवायु अनुकूल गेहूं की बुवाई का रकबा अब तक तीन करोड़ 8.6 लाख हेक्टेयर है। गेहूं रबी (सर्दियों) की मुख्य फसल है, जिसकी बुवाई आम तौर पर नवंबर में शुरू होती है और कटाई मार्च-अप्रैल में की जाती है।

एसआर हॉस्पिटल चिखली में शुरू हुआ पैरामेडिकल कोर्स

भिलाई। दुर्ग जिले के सबसे बड़े निजी चिकित्सालय एसआर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर चिखली धमधा रोड दुर्ग में छग शासन के पैरामेडिकल कोर्स शुरूआत हो चुके है। अस्पताल प्रबंधन को छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग के अधिनस्थ छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल काउंसिल द्वारा पैरामेडिकल पाठ्यक्रम संचालन करने की अनुमति प्रदान की गई है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अनापत्ति प्रदान करने के पश्चात छग पैरामेडिकल काउन्सिल द्वारा विधिवत अनुमति दी गई है।

पैरामेडिकल कोर्स के संबंध में जानकारी देते हुए अस्पताल के मेडिकल सुप्रीटेन्डेन्ट व वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एसपी केसरवानी ने बताया कि छग शासन के पैरामेडिकल काउंसिल द्वारा एसआर हॉस्पिटल को पैथालॉजी लैब टेक्निशियन, एक्स-रे टेक्निशियन, ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन कोर्स में प्रशिक्षण प्रदान करने की अनुमति दी गई है। जिसमें पैथालॉजी लैब टेक्निशियन की 20 सीटें व एक्स-रे टेक्निशियन की 30 सीटें व ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन की 30 सीटें है। इस प्रकार दुर्ग संभाग में एसआर हॉस्पिटल में छग पैरामेडिकल कोर्स के लिए सर्वाधिक 80 सीटें हैं।

बाल कैंसर रोगियों के लिए बाल्को मेडिकल सेंटर में 'स्माइल 2023' समारोह

रायपुर। बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) ने अपने वार्षिक कार्यक्रम 'स्माइल 2023' का आयोजन किया। जो कैंसर पीड़ित बच्चों और कैंसर से पूरी तरह निजात पा चुके बच्चों के साहस, शक्ति और मनोबल को बढ़ाने के लिए समर्पित है। इस उत्सव का आयोजन बीएमसी के परिसर में हुआ, जिसमें 50 से अधिक कैंसर पीड़ित बच्चें और उनके परिजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बच्चों के अनुभव को यादगार बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जिसमें एक गेम जोन, रोगियों और बच्चों के लिए उपहार और विशेषतः सांता क्लॉज द्वारा बच्चों के लिए उपहार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में आगे स्वास्थ्य कैंसर रोगियों और अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन भी किया गया। बालको मेडिकल सेंटर की चिकित्सा निदेशक डॉ. भावना सिरोही ने कैंसर रोगियों के लिए सहायता समूह बनाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हर साल हम इन अद्भुत बच्चों को एक छत के नीचे लाते हैं ताकि वे कैंसर से पीड़ित अन्य बच्चों के लिए नियमित जीवन जीने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरणा बन सकें।

कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों से बात करते हुए उन्होंने कहा कैंसर को रोका जा सकता है और इलाज किया जा सकता है। ठीक होने की प्रक्रिया के दौरान सकारात्मक और आशावादी बने रहना बहुत महत्वपूर्ण है।

इसे भारतीय स्टार्टअप की सबसे बड़ी छंटनी बताया जा रहा

पेटीएम में 10 फीसदी कर्मचारियों की हुई छंटनी, होगा शेयरों पर असर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फिनटेक स्टार्टअप पेटीएम एक बार फिर से गलत कारणों से चर्चा में है। ऐसी खबरें आ रही हैं कि पेटीएम ने एक बार फिर से अपने कर्मचारियों को कंपनी से बाहर करने का फैसला लिया है। खबरों के अनुसार, पेटीएम ने इस छंटनी में अपने कुल कर्मचारियों के करीब 10 फीसदी हिस्से की छुट्टी कर दी है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने इस बार 1000 से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी की है। सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि ये छंटनी पिछले कुछ महीने के भीतर हुई है और इसमें पेटीएम की विभिन्न यूनिट के कर्मचारी शिकार हुए हैं। बताया जा रहा है कि पेटीएम ने यह छंटनी अपनी कॉस्ट कम करने के लिए और अपने विभिन्न व्यवसायों को नए सिरे से व्यवस्थित करने के लिए की है।

- आरबीआई के एक्शन का पेटीएम पर हुआ सीधा असर

भारतीय स्टार्टअप की सबसे बड़ी छंटनी

पेटीएम की इस छंटनी में उसके कुल वर्कफोर्स के करीब 10 फीसदी हिस्से पर असर पड़ा है। इसे किसी भी भारतीय स्टार्टअप में अब तक की हुई सबसे बड़ी छंटनी में से एक माना जा रहा है। स्टार्टअप कंपनियों के लिहाज से 2023 भी ठीक साल नहीं साबित हुआ है। इस साल भारतीय स्टार्टअप ने पहली तीन तिमाहियों में 28 हजार से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी की। इससे पहले साल 2022 में स्टार्टअप कंपनियों ने 20 हजार से ज्यादा और 2021 में 4 हजार से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी की थी। फिनटेक सेक्टर में देखें तो जेस्टमनी इस महीने के अंत तक बंद होने वाली है।

दबाव में शेयरों का प्रदर्शन

शेयर बाजार में भी कंपनी लगातार संघर्ष कर रही है। पिछले एक महीने के दौरान पेटीएम के शेयरों में करीब 28 फीसदी की गिरावट आई है। बीते 6 महीने में इसका भाव 23 फीसदी से ज्यादा डाउन है। दिसंबर महीने के शुरुआती दिनों में तो पेटीएम स्टॉक को 20 फीसदी के लोअर सर्किट का भी सामना करना पड़ा है। अब छंटनी की खबरें सामने आने के बाद शेयरों पर और बुरा असर होने की आशंका है।

आरबीआई के एक्शन का असर

पेटीएम की बात करें तो उसके लिए बुरी खबरों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इससे पहले रिजर्व बैंक ने अनसिक्योर्ड लोन पर नियामकीय सख्तियां की, जिसका असर पेटीएम पर भी हुआ। आरबीआई के एक्शन के बाद पेटीएम ने स्मॉल टिकट कंज्युमर लेंडिंग और बाय नाउ, पे लेटर बिजनेस को बंद करने का फैसला लिया। ऐसा बताया जा रहा है कि ताजी छंटनी में इन दोनों सेगमेंट के कर्मचारी सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं।

खबर संक्षेप

भारतीय टीम में जगह बनाने पर नजर

नई दिल्ली। युवा फारवर्ड ज्योति छेत्री के लिए हाल का स्पेन दौरा अनुभव हासिल करने के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण रहा और अब उनकी नजर अगले साल रांची में होने वाले एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम में जगह बनाने पर है। उन्नीस वर्षीय ज्योति वेलेंसिया में खेले गए पांच देशों के टूर्नामेंट में भारतीय टीम का हिस्सा थी। इससे पहले वह जूनियर टीम का अहम हिस्सा रह चुकी है। इस साल महिला जूनियर एशिया कप में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

कमिंस ने ख्वाजा का समर्थन किया

मेलबर्न। आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने सोमवार को अपने साथी उस्मान ख्वाजा का समर्थन करते हुए कहा कि इस सलामी बल्लेबाज

का गाजा में मानवीय दुर्दशा को सामने लाने का प्रयास 'आक्रामक नहीं' है। क्रिकेट की वैश्विक संचालन संस्था आईसीसी ने ख्वाजा के पाकिस्तान के खिलाफ 'बॉक्सिंग डे' टेस्ट के दौरान अपने बल्ले और जूते पर जैतून के पेड़ की शाखा पकड़े काले 'डव' का स्टिकर लगाने की मांग खारिज कर दी थी। आईसीसी ने पर्थ में आस्ट्रेलिया की पाकिस्तान पर 360 रन की जीत के दौरान ख्वाजा को काली पट्टी बांधने के लिए फटकार लगायी थी।

दूसरे टेस्ट मैच में खेलेंगे स्पिनर साजिद

कराची। पाकिस्तान के टीम प्रबंधन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार से मेलबर्न में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के लिए विशेषज्ञ ऑफ स्पिनर साजिद

खान को टीम में रखने का फैसला किया है। पाकिस्तान के टीम प्रबंधन ने इस मैच के लिए 12 खिलाड़ियों की घोषणा कर दी है लेकिन सूत्रों के अनुसार साजिद का खेलना तय है। उनके अलावा पाकिस्तान तीन विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों के साथ उतरेगा जबकि सलमान अली आगा पांचवें गेंदबाज की भूमिका निभाएंगे। साजिद को अबरार अहमद के कवर के रूप में टीम में शामिल किया गया था लेकिन वह पहले टेस्ट मैच में नहीं खेले थे।

पीएचएफ को निलंबित करेगा एफआईएच

कराची। पाकिस्तान हॉकी महासंघ को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ निलंबित कर सकता है क्योंकि कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर उल हक काकर द्वारा पीएचएफ के नए अध्यक्ष की नियुक्ति को उनके पूर्ववर्ती खालिद सज्जाद खोकर ने चुनौती दी है। खोकर 2015 से पाकिस्तान हॉकी महासंघ के अध्यक्ष हैं। उन्होंने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह अपनी बर्खास्तगी और मीर तारिक हुसैन बुगाटी के नए अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति को चुनौती देंगे।

विजय अभियान जारी रखने उतरेगा ऑस्ट्रेलिया

मेलबर्न। पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित ऑस्ट्रेलिया मंगलवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में अपनी घरेलू धरती पर पाकिस्तान के खिलाफ पिछले 15 मैच से चले आ रहे विजय अभियान को आगे बढ़ाने का प्रयास करेगा। पाकिस्तान नवंबर 1995 के बाद ऑस्ट्रेलिया में कोई टेस्ट मैच नहीं जीत पाया है और मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर होने वाले अगले मैच से पहले वह खिलाड़ियों की चोटिल होने की समस्या से जूझ रहा है। ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में 360 रन से बड़ी जीत दर्ज की थी और दूसरे मैच में भी वह जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा।

रोहित के पास टेस्ट सीरीज जीतकर इतिहास रचने का मौका

मैच का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर दोपहर 1.30 बजे

'अंतिम किला' फतह करने उतरेगा भारत, 31 साल से द.अफ्रीका में नहीं जीत सका श्रृंखला

एजेंसी ▶▶| सेंचुरियन

वनडे विश्व कप के फाइनल में 36 दिन पहले मिली हार की निराशा को भुलाकर भारतीय टीम अब दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला जीतने के अपने 31 साल के इंतजार को खत्म करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला मंगलवार से शुरू होगी।

यह 1992 से लेकर अब तक भारत की दक्षिण अफ्रीका में नौवीं टेस्ट श्रृंखला होगी, लेकिन अभी तक वह इस देश में एक भी श्रृंखला नहीं जीत पाया। यही वजह है कि हमेशा की तरह वर्तमान श्रृंखला को भी रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के लिए 'अंतिम किला' कहा जा रहा है। लेकिन सुपरस्पोर्ट पार्क में होने वाले मैच के पहले दो दिन भारी बारिश की भविष्यवाणी की गई है।

इनको मिली नाकामी

वनडे विश्व कप में रोहित शर्मा के पास कपिल देव और महेंद्र सिंह धोनी की बराबरी करने का मौका था लेकिन फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार के कारण वह विश्व विजेता कप्तान नहीं बन पाए। अब उनके पास दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला जीतने वाला पहला भारतीय कप्तान बनने का मौका है और वह इसे हाथ से नहीं जाने देंगे। दक्षिण अफ्रीका में मोहम्मद अजहरुद्दीन (1992), सचिन तेंदुलकर (1996) और सौरव गांगुली (2001) की कप्तानी में भारत को नाकामी हाथ लगी। राहुल द्रविड़ (2006-07), धोनी (2010-11 और 2013-14) और विराट कोहली (2018-19 और 2021-22) ने टेस्ट मैच जीते लेकिन कोई भी टीम श्रृंखला नहीं जीत पाई।

भारत के युवाओं की कड़ी परीक्षा

तेंबा बावुमा की अगुवाई वाले दक्षिण अफ्रीका के पास कुछ अच्छे तेज गेंदबाज हैं जो भारत के युवा बल्लेबाजों के लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की असली परीक्षा कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, मार्को यानसन और गेराल्ड कोएत्जी जैसे गेंदबाजों के सामने होगी। इसी तरह से उपमहाद्वीप की पिचों पर खुद को साबित करने वाले शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर जैसे बल्लेबाजों को अधिक चुनौती पूर्ण परिस्थितियों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। शॉर्ट पिच गेंद अय्यर की कमजोरी मानी जाती रही हैं और उन्हें इससे पार पाने के लिए कुछ खास करना होगा।"

भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, प्रसिद्ध कृष्णा, केएस भरत (विकेटकीपर), अभिमन्यु ईश्वरन (दूसरा टेस्ट)।

दक्षिण अफ्रीका : तेम्बा बावुमा (कप्तान), एडेन मार्करम, टोनी डी जोरजी, डीन एल्गर, कीगन पीटरसन, काइल वेरिन, ट्रिस्टन स्टब्स, नांद्रे बर्गर, मार्को यानसन, वियान मुल्डर, गेराल्ड कोएत्जी, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, डेविड बेडिंघम।

भारतीय महिला वनडे टीम के नए चेहरे ऑस्ट्रेलिया को देंगे चुनौती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक और टिटास साधु को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए सोमवार को पहली बार भारतीय महिला एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया। भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेलेगी। पहला वनडे मैच 28 दिसंबर को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा।

बाएं हाथ की स्पिनर कश्यप को इससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए टीम में लिया गया था लेकिन उन्हें एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला था। श्रेयंका ने इस महीने के शुरू में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। सैका इशाक ने पहले महिला प्रीमियर लीग में मुंबई की टीम की तरफ से अच्छा प्रदर्शन किया था। तीन वनडे मैचों की श्रृंखला के सभी मैच वानखेड़े स्टेडियम में खेले जाएंगे। दूसरा मैच 30 दिसंबर जबकि तीसरा और अंतिम मैच दो जनवरी को खेला जाएगा। इसके बाद नवी मुंबई का डीवाई पाटिल स्टेडियम 5, 7 और 9 जनवरी को तीन मैचों की टी20 श्रृंखला की मेजबानी करेगा।

एकदिवसीय टीम : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर, टिटास साधु, पूजा वस्त्राकर, स्नेह राणा, हरलीन देयोल।

टी20 टीम : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर, टिटास साधु, पूजा वस्त्राकर, कनिका आहूजा, मिन्नू मणि।

राष्ट्रीय खिताब अच्छा प्रदर्शन करने के लिए करेगा प्रेरित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अपने प्रतिभाशाली छोटे भाई लक्ष्य सेन के साए में जीने के बाद चिराग सेन आखिर में सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पुरुष एकल का खिताब जीतने में सफल रहे और उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी। लक्ष्य सेन कभी राष्ट्रीय चैंपियनशिप नहीं जीत पाए लेकिन उनके बड़े भाई चिराग ने रविवार को फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त एम थारुन को 21-14 13-21 21-9 से हराकर गुवाहाटी में राष्ट्रीय खिताब जीता। कीनिया अंतरराष्ट्रीय चैलेंज 2020 का खिताब जीतने वाले चिराग ने कहा, 'राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब थोड़ी देर से मिला लेकिन आखिर में इस जीत से मैं बहुत खुश हूं। पिछले तीन-चार महीनों से मैं अच्छा प्रदर्शन कर रहा हूं लेकिन अब यह ट्रॉफी जीतने में सफल रहा।

पंड्या फिट, सूर्यकुमार को ग्रेड 2 टियर इंजरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका दौरे के बाद भारतीय क्रिकेट टीम को अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैच की टी20 सीरीज खेलनी है। इस सीरीज में भारत का कप्तान कौन होगा ये बड़ा सवाल है। दरअसल, हाल ही में कुछ रिपोर्ट्स सामने आई थी जिसमें दावा किया गया था कि हार्दिक पांड्या वर्ल्ड कप 2023 के दौरान लगी चोट के चलते अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के अलावा आगामी आईपीएल 2024 से भी बाहर हो सकते हैं।

एक सूत्र ने हार्दिक पांड्या की इंजरी को लेकर कहा 'वह अपने टखने की चोट से पूरी तरह ठीक हो गए हैं। वह हर दिन ट्रेनिंग कर रहे हैं। हार्दिक फिट और ठीक हैं। वह रोजाना वर्कआउट कर रहे हैं। उनके आईपीएल से बाहर होने की जो भी बातें चल रही हैं, वे महज अफवाह हैं।

वहीं सूत्र ने सूर्यकुमार यादव को लेकर कहा 'सूर्यकुमार को टखने की चोट से उबरने में छह से सात हफ्ते लगेंगे। उन्हें ग्रेड 2 टियर इंजरी हुई है। वह फिलहाल ब्रेक पर हैं और अगले हफ्ते बेंगलुरु में एनसीए को रिपोर्ट करेंगे।' सूर्या और संभवतः हार्दिक के अनुपलब्ध होने के कारण, चयनकर्ताओं को रोहित शर्मा से टी20 टीम की अगुवाई के लिए पूछा जा सकता है। हालांकि एक विकलप रविंद्र जडेजा भी हो सकते हैं जिन्हें साउथ अफ्रीका दौरे पर टी20 टीम का उप-कप्तान बनाया गया था।

अराफात ने बने पीसीबी के 'हाई परफार्मेंस' कोच

एजेंसी ▶▶| कराची

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पूर्व ऑलराउंडर यासिर अराफात को न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले महीने होने वाली पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम का 'हाई परफॉर्मेंस कोच' नियुक्त किया है। यासिर लंदन से लाहौर पहुंचेंगे और पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीम में शामिल खिलाड़ियों के साथ न्यूजीलैंड के लिए रवाना होंगे जहां 12 जनवरी से पांच मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी।

पाकिस्तान के चयनकर्ताओं ने पहले ही न्यूजीलैंड में टी20 श्रृंखला के लिए 17 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। इस श्रृंखला को अगले साल वेस्टइंडीज और

अमेरिका में होने वाले आईसीसी विश्व कप की तैयारी के रूप में देखा जा रहा है। पीसीबी के सूत्रों के अनुसार यासिर साइमन हेल्मुट की जगह लेंगे, जो ऑस्ट्रेलिया में चल रही टेस्ट श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की टीम के हाई परफॉर्मेंस कोच हैं।

रेफरी समिति के साथ बैठक करेंगे एआईएफएफ अध्यक्ष

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे देश में 'रेफरिंग' की स्थिति की समीक्षा करने के लिए रेफरी समिति और मुख्य रेफरी अधिकारी ट्रेवर केटल के साथ 31 दिसंबर को बैठक करेंगे। रेफरियों का मूल्यांकन करने वाली टीम के सदस्य भी इस बैठक में भाग लेंगे जिसमें भविष्य के लिए योजना तैयार की जाएगी। एआईएफएफ ने कहा, 'एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे रेफरी समिति के सदस्यों, एआईएफएफ के मुख्य रेफरी अधिकारी ट्रेवर केटल और इसका मूल्यांकन करने वाली टीम के सदस्यों के साथ 31 दिसंबर को समीक्षा बैठक करेंगे जिसमें भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की जाएगी।'

ओलंपिक कोटा हासिल करना लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| ग्रेटर नोएडा

राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज जैसमीन लम्बोरिया की निगाहें पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने पर लगी हैं जिसके लिए वह मानसिक मजबूती बढ़ाने के साथ अपने मुक्कों को दमदार करने पर भी ध्यान लगा रही हैं। एशियाई खेलों में पदार्पण के दौरान जैसमीन ने 60 किग्रा वर्ग का पहला दौर दबदबा बनाते हुए जीता लेकिन क्वार्टरफाइनल में रैफरी ने उन्हें चेतावनी दी जिसके बाद वह समझ नहीं सकीं कि वापसी कैसे की जाए और रैफरी ने मुकाबला रोककर प्रतिद्वंद्वी को विजेता घोषित किया।

जैसमीन ने सोमवार को यहां राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में अपना क्वार्टर फाइनल जीतने के बाद कहा, 'मुझे चेतावनी दी गई थी, मुझे पहली बार 'काउंटिंग' मिली। मैं इसे संभाल नहीं सकी। इसलिए इस तरह के हालात में वापसी का तरीका जानना बहुत महत्वपूर्ण होता है जो मैं नहीं कर सकी।' इस जीत से उन्हें पदक के अलावा पेरिस ओलंपिक कोटा भी मिल गया होता।

फीफा ने दी ब्राजील को निलंबित करने की धमकी

एजेंसी ▶▶| रियो डी जनेरियो

विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने ब्राजील को चेतावनी दी है कि अगर उसकी फुटबॉल संस्था के हस्तक्षेप के कारण जनवरी में नए अध्यक्ष का चुनाव होता है तो वह उसकी राष्ट्रीय टीमों और क्लबों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से निलंबित कर सकता है। फीफा ने ब्राजील फुटबॉल परिसंघ को पत्र लिखकर कहा है कि अगर उसने इंतजार करने की उसकी अपील पर ध्यान देने के बजाय एडनाल्डो रोड्रिग्स की जगह नए अध्यक्ष का चयन करने के लिए चुनाव कराने में जल्दबाजी दिखाई तो उसे निलंबन का सामना करना पड़ सकता है। रियो डी जनेरियो की एक अदालत ने पिछले साल फुटबॉल संस्था के चुनाव में अनियमितताओं के कारण रोड्रिग्स और सीबीएफ में उनके द्वारा नियुक्त सभी लोगों को सात दिसंबर को पद से हटा दिया था।

भारोत्तोलन : आठ से 13 साल के बच्चे होंगे शामिल

यूपी से शुरू होगा नई मीरा को ढूंढने का अभियान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश को नई मीराबाई चानू देने के लिए भारतीय भारोत्तोलन संघ और साई मिलकर पहली बार एक अनोखा अभियान चलाने जा रहे हैं। दोनों मिलकर आठ से 13 साल के बच्चों का प्रतिभा तलाशो अभियान शुरू करने जा रहे हैं, जिसकी शुरुआत यूपी के मोदीनगर से हो रही है।

■ भारोत्तोलन संघ और साई का प्रतिभा तलाशो अभियान

इस अभियान के तहत न तो भार उठाना पड़ेगा और न ही कंपटीशन के लिए जूझना होगा। बच्चों की फिटनेस और उनकी शारीरिक बनावट, ढांचा परखा जाएगा और चयनित बच्चों को साई सेंटर में 2032 और 2036 के ओलंपिक के लिए तैयार किया जाएगा। यह प्रतिभा तलाशो अभियान मीराबाई के कोच और द्रोणाचार्य अवॉर्डी प्रशिक्षक विजय शर्मा की अगुवाई में चलाया जाएगा।



स्कूल, ग्राम प्रधान सांसद तक जुड़ेंगे

विजय के मुताबिक कई विदेशी विशेषज्ञों से बातचीत के बाद आठ से 13 साल के बच्चों को तलाशने का अभियान शुरू करने का फैसला भारोत्तोलन संघ ने लिया। 12 से 14 जनवरी को मोदीनगर में इसकी शुरूआत की जाएगी। इसके बाद इसे यूपी के पूर्वांचल, पश्चिम यूपी में छेड़ा जाएगा। इसके बाद इसे मणिपुर, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध प्रदेश जैसे राज्यों में चलाया जाएगा। इस अभियान में स्कूलों, ग्राम प्रधानों से लेकर सांसदों और विधायकों को भी जोड़ा गया है। ये सभी प्रतिभा ढूंढने में मदद करेंगे और इन्हें अभियान तक लेकर आएंगे।

शुरुआत में डंडे से कराया जाएगा अभ्यास

बच्चों के चयन के बाद उन्हें साई की ओर से ट्रेनिंग सेंटर में रखा जाएगा। इस दौरान उन्हें बांस के डंडे से अभ्यास कराकर उन्हें तकनीकि रूप से दक्ष किया जाएगा। विजय बताते हैं कि इस दौरान अपनी गई तकनीकि जीवन भर नहीं बदलती है। 10 वर्ष से अधिक उम्र हो जाने के बाद बच्चों को थोड़ा-थोड़ा भार उठाने के लिए दिया जाएगा। यह अभियान लड़के और लड़कियों दोनों के लिए चलाया जा रहा है।

प्रशिक्षकों की समिति बनी

विजय के मुताबिक संघ और साई ने इस अभियान के लिए प्रशिक्षक अलकेश बरुआ, एल अभिलाष और सुखमेंद्र चौधरी की एक समिति भी बनाई है। वह खुद इस अभियान से गंभीरता से जुड़ेंगे।

एआई के नए मॉडल ने इंसान के जीवनकाल का लगाया पता

नई दिल्ली (भाषा)। अनुसंधानकर्ताओं ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर आधारित ऐसा उपकरण विकसित किया है जो स्वास्थ्य संबंधी जानकारी, शिक्षा, नौकरी और आय जैसी जीवन की घटनाओं के अनुक्रमों के आधार पर किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व समेत उसके जीवनकाल से जुड़े कई अनुमान लगाने में सक्षम है। अनुसंधानकर्ताओं ने बताया कि 'ट्रांसफॉर्मर मॉडल' का उपयोग करके बनाए गए 'लाइफ2वीईसी' नामक उपकरण को डेनमार्क की आबादी के डेटा के आधार पर प्रशिक्षित किया जाता है। 'लाइफ2वीईसी' मनुष्यों के जीवनकाल समेत कई सटीक अनुमान लगाने में सक्षम है। अमेरिका स्थित 'नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी' की प्रोफेसर टीना एलियासी-रेड ने कहा, 'भले ही हम यह पता लगाने के लिए भविष्यवाणी का उपयोग कर रहे हैं कि ये मॉडल कितने अच्छे एवं सटीक हैं, लेकिन वास्तविक लोगों के बारे में भविष्यवाणी करने के लिए इस उपकरण का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। यह एक विशिष्ट आबादी के विशिष्ट डेटा सेट पर आधारित भविष्यवाणी करने वाला मॉडल है।'

कहां से आया सफेद दाढ़ी वाला बच्चों का चहेता सांता

■ सिडनी (द कन्वर्सेशन)।

हम सभी उस हंसमुख, सफेद बालों और दाढी वाले गोलू मोलू व्यक्ति से परिचित हैं, जो क्रिसमस की पूर्व संध्या पर चुपचाप चिमनी से बच्चों को उपहार देता है। भले ही सांता क्लॉज की जड़े ईसाई धर्म से जुड़ी हैं लेकिन सबके प्रिय इस पात्र की उत्पत्ति समय, संस्कृति और धर्म से परे है। सांता की कहानी ौथी शताब्दी के सेंट निकोलस से शुरू होती है। हालांकि ऐतिहासिक स्रोत उनके जीवन के तथ्यों को साबित नहीं करता है, लेकिन परंपरा के अनुसार मायरा के सेंट निकोलस, जिन्हें बाद में बारी के सेंट निकोलस के नाम से जाना जाता था, सम्राट कॉन्सटेंटाइन द ग्रेट के शासनकाल के दौरान रहते थे। उनका जन्म एशिया माइनर में प्राचीन लाइकिया के एक शहर पटारा में हुआ था, जो अब तुर्की का हिस्सा है। निकोलस बाद में मायरा के बिशप बने और अपने गहन ईसाई विश्वास और असाधारण करुणा के लिए जाने जाते थे। बचपन में ही अनाथ हो गए निकोलस के बड़ी विरासत थी। उन्होंने इस धन का उपयोग जरूरतमंदों की मदद के लिए करने का फैसला किया। उनकी उदारता का सबसे प्रसिद्ध कार्य तीन गरीब बहनों के लिए दहेज प्रदान करना था। उनके कार्यों के चलते उन्हें संत के रूप में मान्यता दी गई, तो उन्हें बच्चों के संरक्षक और रक्षक के रूप में प्रशंसित किया गया।

सेंट निकोलस दिवस

पूरे यूरोप में सेंट निकोलस की दानशीलता और दयालुता की विरासत ने कई तरह की परंपराओं को जन्म दिया, जिसके साथ 6 दिसंबर उनका पर्व बन गया। फ्रांस में बच्चे सेंट निकोलस के लिए अपने जूते बाहर छोड़ देते थे, इस उम्मीद में कि अगली सुबह वे उन्हें चॉकलेट और उपहारों से भरे हुए मिलेंगे। यह परंपरा परेड के साथ होती थी जिसमें एक गधा बच्चों के लिए बिस्कुट और मिठाइयों की टोकरियां लादकर शहर की सड़कों से गुजरता था।

सांता क्लॉज में परिवर्तन

सेंट निकोलस का सांता क्लॉज में रूपांतरण सांस्कृतिक और धार्मिक बदलावों से प्रभावित प्रक्रिया थी। 17वीं शताब्दी के दौरान जर्मनी और नीदरलैंड में सेंट निकोलस के नाम पर उपहार देने की प्रथा ने जड़ें जमानी शुरू कर दीं। डचों ने उन्हें 'सिंटरक्लास' कहा, एक शब्द जो अंततः अंग्रेजी बोलचाल में 'सांता क्लॉज़' में विकसित हुआ। यह परिवर्तन सबसे पहले जर्मनी में हुआ और बाद में अन्य यूरोपीय देशों में फैल गया। 19वीं शताब्दी तक, दुनिया भर में अंग्रेजी भाषी समुदायों में सेंट निकोलस की विभिन्न पुनरावृत्तियां उभर रही थीं। अमेरिकी संदर्भ में इस आकृति का पहला साहित्यिक उल्लेख वाशिंगटन इरविंग की 1809 की पुस्तक, निकरबॉकर हिस्ट्री ऑफ न्यूयॉर्क में था, जिसमें निकोलस को एक वैगन में उड़ते हुए, बच्चों को उपहार देते हुए चित्रित किया गया था। लाल सांता सूट और सभी संबंधित परिधान, जिनसे हम आज परिचित हैं, अंग्रेजी भाषी दुनिया में आधुनिक विपणन का आविष्कार प्रतीत होते हैं।

रणबीर-आलिया ने क्रिसमस पर दिखाई बेटी राहा की झलक

मुंबई (भाषा)। अभिनेता रणबीर कपूर और आलिया भट्ट सोमवार को क्रिसमस के मौके पर पहली बार अपने बेटी राहा कपूर को लेकर लोगों के सामने आए। रणबीर (41) और आलिया (30) अपनी 13 महीने की बेटी राहा के साथ कपूर परिवार की क्रिसमस पार्टी के लिए सोमवार दोपहर यहां पहुंचे। छह नवंबर को एक साल की हुई राहा ने सफेद और गुलाबी रंग की फ्रॉक और लाल रंग के जूते पहने थी। रणबीर ने राहा को गोद में लिया हुआ था। पिछले महीने आलिया ने राहा को सोशल मीडिया से दूर रखने को लेकर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की थी। आलिया ने एक कार्यक्रम में कहा था, मैं ऐसा नहीं दिखाना चाहती जैसे मैं अपनी बेटी को छिपा कर रख रही हूं। मुझे उस पर गर्व है। अगर अभी कैमरे चालू नहीं होते तो मैं स्क्रीन पर उसकी एक बड़ी सी तस्वीर लगाती। मैं उससे प्यार करती हूं। मुझे हमारे बच्चे पर गर्व है। लेकिन हम अभी-अभी माता-पिता बने हैं। हमें नहीं पता कि अगर उसकी तस्वीरें इंटरनेट पर फैल गई तो हमें कैसा महसूस होगा, वह अभी सिर्फ एक साल की है।

शूरा खान संग शादी के बंधन में बंधे अरबाज खान

■ मुंबई (आईएएनएस)।

बॉलीवुड अभिनेता अरबाज खान ने मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से शादी कर ली है। अरबाज की यह दूसरी शादी है। अरबाज और शूरा खान की मुलाकात आने वाली फिल्म 'पटना शुक्ला' के सेट पर हुई थी। अरबाज की बहन अर्पिता खान के घर पर आयोजित विवाह समारोह में उनके परिवार के सदस्यों की उपस्थिति देखी गई, जिनमें सलमान खान, सोहेल खान और उनके बच्चे, अरबाज के बेटे अरहान, उनके माता-पिता सलीम और सलमा खान, हेलेन, अभिनेत्री रवीना टंडन और उनकी बेटी राशा, और मॉडल लूलिया वंतूर सहित अन्य लोग शामिल थे। अरबाज ने सोशल मीडिया पर शादी की तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें वह पीले रंग का फ्लोरल बंदगला कोट और मैचिंग पैंट पहने नजर आ रहे हैं। वहीं, उनकी दुल्हन शूरा खान ने पेस्टल पिंक कलर का लहंगा पहना हुआ है।

उन्होंने अपने बाल खुले रखे हैं और मैचिंग नेकपीस पहना है। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया, अपने प्रियजनों की उपस्थिति में मैं और मेरा जीवन प्रेम और एकजुटता की शुरुआत करते हैं। हमारे विशेष दिन पर आपके आशीर्वाद और शुभकामनाओं की आवश्यकता है। मशहूर हस्तियों ने नवविवाहित जोड़े को प्यार और आशीर्वाद दिया। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में अरबाज के बेटे अरहान अपने पिता के लिए गाना गाते नजर आ रहे हैं, जबकि 'हैलो ब्रदर' अभिनेता अपने बेटे की रिकॉर्डिंग करते नजर आ रहे हैं। इससे पहले अरबाज की शादी मॉडल मलायका अरोड़ा से हुई थी और उनका एक बेटा अरहान है। मई 2017 में इस जोड़े का तलाक हो गया। शादी में शामिल होने वाली अन्य हस्तियों में फिल्म निर्माता और कोरियोग्राफर फराह खान, रितेश देशमुख और पत्नी जेनेलिया, साजिद खान, संजय कपूर और उनकी पत्नी शामिल हैं।

नौशाद ने मुगल-ए-आजम का संगीत देने से कर दिया था मना

मुंबई (वार्ता) 1960 में आई फिल्म मुगल-ए-आजम के मधुर संगीत आजतक लोकप्रिय है लेकिन इसके गीत को संगीतबद्ध करने वाले संगीत सम्राट नौशाद ने पहले मुगल-ए-आजम का संगीत निर्देशन करने से इनकार कर दिया था। कहा जाता है मुगल-ए-आजम के निर्देशक के. आसिफ एक बार नौशाद से मिलने उनके घर गए। नौशाद उस समय हारमोनियम पर धुन तैयार कर रहे थे तभी के. आसिफ ने 50 हजार रुपए के नोटों का बंडल हारमोनियम पर फेंका। इस बात से नौशाद बेहद नाराज हो गए और नोटों से भरा बंडल के. आसिफ के मुंह पर मारते हुए कहा कि ऐसा उन लोगों के लिए करना, जो बिना एडवांस फिल्मों में संगीत नहीं देते, मै आपकी फिल्म में संगीत नहीं दूंगा। बाद में के. आसिफ के मान-मनौवल पर नौशाद न सिर्फ फिल्म का संगीत देने के लिए तैयार हुए बल्कि इसके लिए एक भी पैसा नहीं लिया।

लखनऊ के मध्यमवर्गीय रूढ़िवादी मुस्लिम परिवार में 25 दिसंबर 1919 को जन्मे नौशाद का बचपन से ही संगीत की तरफ रुझान था और अपने इस शौक को परवान चढ़ाने के लिए वे फिल्म देखने के बाद रात में देर से घर लौटा करते थे। इस पर उन्हें अक्सर अपने पिता की नाराजगी झेलनी पड़ती थी। उनके पिता हमेशा कहा करते थे कि तुम घर या संगीत में से एक को चुन लो। एक बार की बात है कि लखनऊ में एक नाटक कंपनी आई और नौशाद ने आखिरकार हिम्मत करके अपने पिता से बोल ही दिया- 'आपको आपका घर मुबारक, मुझे मेरा संगीत...।' इसके बाद वे घर छोड़कर उस नाटक मंडली में शामिल हो गए और उसके साथ जयपुर, जोधपुर, बरेली और गुजरात के बड़े शहरों का भ्रमण किया।

नौशाद के बचपन का एक वाकया बड़ा ही दिलचस्प है। लखनऊ में भोंदूमल एंड संस की वाद्ययंत्रों की दुकान थी जिसे संगीत के दीवाने नौशाद अक्सर हसरतभरी निगाहों से देखा करते थे। एक बार दुकान मालिक ने उनसे पूछ ही लिया कि वे दुकान के पास क्यों खड़े रहते हैं? तो नौशाद ने दिल की बात कह दी कि वे उसकी दुकान में काम करना चाहते हैं। वे जानते थे कि इसी बहाने वे वाद्ययंत्रों पर रियाज कर सकेंगे।

नासा ने किया एयर टैक्सी की उड़ान का परीक्षण

वाशिंगटन(आईएएनएस)। वर्जीनिया में नासा के लैंगली रिसर्च सेंटर के शोधकर्ताओं ने एयर टैक्सियों की उड़ान क्षमताओं का परीक्षण किया। शोधकर्ताओं ने कई ड्रोन सफलतापूर्वक उड़ाए हैं। ड्रोन को देखने की सीमा से बाहर तक उड़ाया गया और इस एयर टैक्सी के लिए कोई दृश्य पर्यवेक्षक नहीं था। ड्रोन पायलट के बगैर निर्धारित मार्ग पर उड़ान भरने, लैंडिंग और एक-दूसरे के चारों ओर उड़ान भरने में सफल रहे। यह परीक्षण एयर टैक्सी के लिए स्व-उड़ान क्षमताओं को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। नासा लैंगली में एयरोनॉटिक्स सिस्टम इंजीनियरिंग शाखा के शाखा प्रमुख लू ग्लैब ने कहा, वाहनों को देखने की सीमा से परे उड़ाना, जहां प्रत्यक्ष मानव अवलोकन का उपयोग करके न तो वाहन और न ही हवाई क्षेत्र की निगरानी की जाती है, स्वचालन और सुरक्षा प्रणालियों में वर्षो के शोध को दिखाता है। उन्होंने कहा कि यात्री ले जाने वाली बड़ी हवाई टैक्सियों के लिए छोटे ड्रोन पर स्व-उड़ान तकनीक का परीक्षण करना अधिक सुरक्षित और लागत प्रभावी है।

नासा हेलीकॉप्टरों का उपयोग करके स्वचालन प्रौद्योगिकी के तत्वों का भी परीक्षण कर रहा है। ये स्टैंड-इन विमान नासा को स्व-उड़ान एयर टैक्सियों को आसमान में एकीकृत करने से पहले स्वायत्तता को परिपक्व करने में मदद करते हैं। पिछले परीक्षणों के आधार पर टीम ने खरीदे गए एएलटीए 8 अनक्रूड एयरक्राफ्ट सिस्टम (ड्रोन) का उपयोग कर सफलतापूर्वक कई उड़ाने पूरी की। छोटे ड्रोनों पर लोड किए गए साफ्टवेयर ने हवाई क्षेत्र संचार, उड़ान पथ प्रबंधन, अन्य वाहनों से बचाव और व्यस्त हवाई क्षेत्र में काम करने के लिए आवश्यक अधिक कौशल का प्रदर्शन किया। एडवांस्ड एयर मोबिलिटी (एएएम) के लिए यह जरूरी है। परियोजना के उड़ान संचालन प्रमुख जेक शेफर ने कहा, इन प्रौद्योगिकियों को स्थानांतरित करने की नासा की क्षमता से उद्योग को काफी लाभ होगा।

संपर्क की अवधि बढ़ाती है कोविड संक्रमण का खतरा



लंदन(आईएएनएस)। किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने की अवधि और निकटता के हिसाब से कोविड संक्रमण होने का खतरा भी अलग अलग होता है। ब्रिटिश शोधकर्ताओं ने इसका पता लगाने के लिए अध्ययन किया है। इस अध्ययन के लिए शोधकर्ताओं ने इंग्लैंड और वेल्स में 70 लाख संपर्कों के साथ एनएचएस कोविड ऐप के डेटा का उपयोग किया। नेचर जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन से पता चला है कि निकटता से अधिक संपर्क में रहने की अवधि संक्रमण की संभावना को बढ़ा सकती है। अधिक दूरी पर लंबे एक्सपोजर से नजदीकी दूरी पर कम एक्सपोजर के समान जोखिम है।

इस अध्ययन में अप्रैल 2021 और फरवरी 2022 के बीच ऐप से 70 लाख कोविड संपर्कों का विश्लेषण किया गया, जिसमें 2.3 करोड़ घंटे का एक्सपोज़र और 2 लाख 40 हजार पोजिटिव परीक्षण शामिल थे। रिपोर्ट के अनुसार अधिकांश संक्रमण संपर्क कम अवधि के थे। कोविड 19 का ट्रांसमिशन आमतौर पर एक घंटे से लेकर कई दिनों तक चलने वाले एक्सपोजर के परिणामस्वरूप हुआ था। संपर्कों में परिवारों का योगदान लगभग छह प्रतिशत था, लेकिन प्रसारण में हिस्सेदारी 40 प्रतिशत थी। ऐप द्वारा गणना के अनुसार संपर्कों का मूल्यांकन निकटता, अवधि और संक्रामकता स्कोर के आधार पर किया गया था, जिसका उपयोग ट्रांसमिशन जोखिम का अनुमान लगाने के लिए किया गया था। शोधकर्ताओं ने कहा, चूंकि ज्ञात मामलों के संपर्क की अवधि को आमतौर पर डिजिटल टूल के समर्थन के बिना याद किया जा सकता है, इसलिए इसे तुरंत मैन्युअल संपर्क ट्रेसिंग साक्षात्कार में शामिल किया जा सकता है।

दिल्ली के उदय पांधी ने जीता 'एमटीवी हसल 3' खिताब

मुंबई (भाषा)। दिल्ली के उदय पांधी ने रैप रिएलटी शो 'एमटीवी हसल 3' का खिताब जीत लिया है। 19 वर्षीय पांधी इस सीजन के सबसे कम उम्र के प्रतियोगी थेद्ध उन्हें देसी 'हिप-हॉप' का उभरता सितारा माना जा रहा है। जीतने के बाद रैपर ने कहा कि ट्रॉफी जीतना उनके लिए सपना सच होने जैसा है। उन्होंने कहा, पोको एमटीवी हसल-3 मंच से कहीं ज्यादा है। यह सीखने, कड़ी मेहनत करने और कुछ नया करने का एक अविश्वसनीय स्थान है। मैं ऐसे मंच का हिस्सा बनने पर खुद को भाग्यशाली मानता हूं, जिसने मुझे अपने सीमित दायरे से बाहर निकलकर एक कलाकार के रूप में उभरने का मौका दिया। मेरी 'स्क्वाड बॉस' डी एमसी ने इस सफर में मेरा बहुत साथ दिया। झांसी निवासी बासिक दूसरे स्थान पर रहे जबकि अमरावती के 100 आरबीएच ने 'ओजी हसलर ट्रॉफी' जीती।

अनन्या पांडे ने नए घर पर रखी क्रिसमस पार्टी

मुंबई (आईएएनएस)। हाल ही में अपने लिए सपनों का घर खरीदने वाली अभिनेत्री अनन्या पांडे ने अपने नए घर में पार्टी रखी और उसकी झलक साझा की। उन्होंने कहा कि वह इससे ज्यादा शुक्रगुजार नहीं हो सकतीं। इंस्टाग्राम पर 24.6 मिलियन फॉलोअर्स वाली अनन्या ने छुट्टियों की एक झलक दी। उन्हें गुलाबी स्वेटर और क्रिसमस हेडबैंड पहने देखा जा सकता है। 'खाली पीली' फेम अभिनेत्री ने खूबसूरती से सजाए गए क्रिसमस ट्री, क्रिसमस व्यंजनों से भरी मेज, केक और एक छोटे सांता की तस्वीर शेयर की। उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, मेरे घर पर पहला क्रिसमस, सीक्रेट सांता, ढेर सारा खाना और मेरे सबसे पुराने दोस्तों के साथ हंसी-मजाक, मैं इससे ज्यादा शुक्रगुजार नहीं हो सकती। एक्ट्रेस का घर सुपरस्टार शाहरुख खान की पत्नी और डिजाइनर गौरी खान ने डिजाइन किया है।

ऐश्वर्या ने अंकिता को बताया 'बदतमीज'

मुंबई (आईएएनएस)। बिग बॉस 17 से हाल ही में बाहर हुई प्रतियोगी ऐश्वर्या शर्मा भट्ट ने कहा कि अंकिता लोखंडे को अपनी भाषा सुधारने की जरूरत है, क्योंकि वह असभ्य हैं। वह शो में अपनी 'पवित्र रिश्ता' वाली सकारात्मक छवि बनाए रखने की कोशिश कर रही हैं। ऐश्वर्या ने कहा, अंकिता बहुत बदतमीज हैं। उसे जुबान साफ करने की जरूरत है। आप सामने वाले से बदतमीजी करोगे तो सामने से भी आपको वही मिलेगा। उन्होंने कहा कि उन्हें अंकिता कभी पसंद नहीं आईं और वह उन्हें कभी मिस नहीं करेंगी। ऐश्वर्या ने कहा, वह मुझे वैम्प वाइब्स देती हैं। उसे अपनी 'पवित्र रिश्ता' वाली सकारात्मक छवि बनाए रखनी है, लेकिन असल जिंदगी में सच नहीं है। इसके बाद ऐश्वर्या ने मुनव्वर फारुकी के बारे में बात की और कहा कि आयशा खान की एंट्री के बाद उनकी दुनिया उलट गई है। उन्होंने कहा, उसकी गर्ल फ्रेंड नजीला बाहर है, लेकिन आयशा वाइल्ड कार्ड एंट्री मारकर बोलती है कि मुनव्वर ने उसे धोखा दिया है।

सीडीओ की अध्यक्षता में विकसित भारत संकल्प यात्रा से सम्बंधित समीक्षा बैठक हुई आयोजित

प्रखर संतकबीरनगर। मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार की अध्यक्षता में जनपद के समस्त विकास खण्डों के गॉवों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लगाये जा रहे कार्यक्रमों/चौपालों में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो रहे लाभार्थियों की संख्या विभिन्न विभागों द्वारा लगाये जा रहे स्टालों की संख्या, मेरी कहानी-मेरी जुबानी के तहत सफलता की कहानी का लाभार्थियों से सीधा फीडबैक लेने का वीडियों, जनपद के सभी विकास खण्डों में विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रगति तथा अवशेष गॉवों में लगाये जाने वाले कार्यक्रम/चौपालों के व्यवस्थित आयोजन आदि से सम्बंधित समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश उपस्थित रहे।

जनपद के विभिन्न खण्ड अन्तर्गत समस्त गॉवों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के क्रम में लगाये जा रहे कार्यक्रमों/चौपालों की उपलब्धियॉ/प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि केन्द्र/राज्य सरकार की योजनाओं के संतृप्तीकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिए 15 नवम्बर 2023 से 26 जनवरी 2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारम्भ किया गया है। जिसके अन्तर्गत विशेष एलईडी प्रचार वाहन से विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत जनपद के शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने के साथ-साथ कैंप लगाकर किसी भी जनकल्याणकारी/लाभार्थी परक योजनाओं से वंचित रह गये पात्र लाभार्थियों का मौके पर ही सम्बंधित विभाग द्वारा रजिस्ट्रेशन करते हुए योजना का लाभ दिलाये जाने की कार्यवाही की जा रही है।

विकसित भारत सकल्प यात्रा की जनपद में उपलब्धि एवं प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम/चौपाल के दौरान सम्बंधित गॉव में अपने विभाग से सम्बंधित संचालित योजनाओं का स्टाल लगाकर स्वयं उपस्थित रहते हुए प्रचार-प्रसार करवाना एवं छूटे हुए पात्र व्यक्तियों को ऑन-द-स्पाट योजना के लाभ से लाभान्वित किये जाने की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही पाये जाने पर अथवा केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा संचालित किसी भी योजना के संतृप्तीकरण में कमी पाये जाने पर सम्बंधित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने चौपाल में उपस्थित लोगो का फोटोग्राफ, विभागीय स्टालों का फोटोग्राफ एवं मेरी कहानी-मेरी जुबानी से सम्बंधित वीडियोंग्राफ को पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड किये जाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में राजस्व, विद्युत एवं बैंकों के द्वारा चौपाल के दौरान स्टाल न लगाये जाने अथवा अनुपस्थित रहने को गम्भीरता से लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को विशेष निर्देश एवं मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के क्रम में किस गॉव में कार्यक्रम/चौपाल लगाया जा रहा है इसकी सूचना सम्बंधित विभागीय अधिकारीगण पहले से ही प्राप्त कर पूर्व तैयारी के साथ उपस्थित रहकर सरकार की मंशा के अनुरूप किसी भी सरकारी योजना से छूटे हुए लाभार्थियों को शत-प्रतिशत आच्छादित कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि चौपाल के दौरान स्थानीय मा0 जनप्रतिनिधिगणों को भी उपस्थित रहने का अनुरोध करते हुए तिथि एवं समय के बारे में पहले से ही अवगत करा दिया जाए।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 रामानुज कन्नौजिया, जिला विकास अधिकारी सुरेश चन्द्र केसरवानी, उप जिलाधिकारी धनघटा उत्कर्ष श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी मेंहदावल अरूण वर्मा, डीसी मनरेगा प्रभात द्विवेदी, डीसी एनआरएलएम जीशान रिजवी, उप निदेशक कृषि डा0 राकेश कुमार, उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 यशपाल सिंह, तहसीलदार सदर जर्नादन, जिला कृषि अधिकारी पी0सी0 विश्वकर्मा, भूमि संरक्षण अधिकारी सी0पी0 सिंह, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी डा0 श्वेता त्रिपाठी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी चन्द्रशेखर यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी पी0के0 यादव, जिला पूर्ति अधिकारी राजीव शुक्ल, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रवीश चन्द्र, जिला कृषि रक्षा अधिकारी शशांक, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रवीण कुमार मिश्र, मुख्य कार्यपाल अधिकारी मत्स्य विजय कुमार मिश्र, अधि0 अभियन्ता जल निगम संजय जायसवाल, खण्ड विकास अधिकारी खलीलाबाद विनोद कुमार मणि सहित खण्ड विकास अधिकारी एवं सम्बंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

पुलिस को गुमराह कर भाजपा नेता ने दर्ज कराई एफआईआर ?

प्रखर जौनपुर। पुलिस के लिए एक एफआईआर चुनौती बन गई है। शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के मखदूम शाह अढन निवासी भाजपा नेता और सभासद तहसीन शाहिद पुत्र स्वर्गीय फकीर हुसैन ने पुलिस को शिकायत किया कि 24 दिसंबर को करीब रात 8 बजे एक कार्यक्रम से वापस लौट रहा था कि पोस्तीखाने के पास पूर्व चेयरमैन दिनेश टंडन के आवास के करीब दानियाल हसन राहिल पुत्र दिलगीर हसन ने मुझे रोककर गलियां दी मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने 323,504,506,352 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना चौकी प्रभारी सिपाह स्नेहा राय को सौंप दिया है। वहीं परिजन का कहना है कि उक्त एफआईआर फर्जी दर्ज कराई गई है। जिस वक्त की यह घटना एफआईआर में दिखाई गई है उक्त युवक उत्तराखंड में था। परिजनों ने साक्ष्य के रूप में मेडिकल रिपोर्ट और ट्रैवल का पूरा डिटेल दिखाया है जिससे यह प्रतीत होता है उक्त युवक दानियाल हसन राहिल उत्तराखंड में है। अब ऐसे में सवाल उठता है कि कौन सही है, फिलहाल पुलिस विवेचना से साफ होगा कि उक्त घटना सही है या गलत।

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत बंतरी में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रखर दानगंज वाराणसी। चोलापुर के बंतरी ग्राम पंचायत में चोलापुर के खंड विकास अधिकारी ने कहा कि सरकार की योजनाएं जनजन तक पहुंच रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लोगों को योजनाओं के बारे में संपूर्ण जानकारी दी जा रही है जिससे उनका लाभ मिल सके। इसी के तहत योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र शौचालय के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रधानमंत्री आवास के तहत आवास प्रमाण पत्र, किसान सम्मन निधि प्रमाण पत्र , समूह की महिलाएं, आयुष्मान कार्ड धारक, पीएम किसान सम्मान निधि, उज्जवला योजना की लाभार्थी, मुफ्त राशन लाभार्थी के द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं से प्राप्त लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर मुख्य अतिथिः जिला मंत्री अखंड प्रताप सिंह, चोलापुर खंड विकास अधिकारी, राहुल चौबे चोलापुर मंडल मीडिया प्रभारी, ग्राम प्रधान राम प्रसाद, (कोटेदार) महेंद्र कुमार चौबे, मनोज सरोज, मिथिलेश चौबे, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रविंद्र कनौजिया।

घने कोहरे की चपेट में आने से दो वाहन आपस मे भिड़े

प्रखर पराऊगंज जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के मझगवॉ गांव स्थित मंगलवार की सुबह में दो वाहन आपस मे भिड गये जिसमे उनके परखच्चे उड गये। आसपास के लोगों ने बताया कि सुबह तकरीबन 9:00 बजे घना कोहरा छाया हुआ था तभी अचानक वाराणसी की तरफ से तेज रफ्तार में स्विफ्ट डिजायर कार UP65CW4091 एवं केराकत के तरफ से आ रही बोलोरो GJ05JK8235 आपस में भिड़ गए भिड़ंत इतनी तेज थी कि सड़क के किनारे बने मकान के लोग बाहर बैठकर अलाव जलाकर ताप रहे थे जिसमें जलालपुर की तरफ से आ रही डिजायर कार को बचाने के चक्कर में बोलेरो वाहन सडक के किनारे बैठे लोगों के ऊपर चढ़ा दी। संयोग इतना बढ़िया था कि चार दिवारी पड़ जाने के कारण वृद्ध महिला चंद्रावती देवी गंभीर रूप से घायल हो गई एवं बैठे अन्य लोग जख्मी हो गए। घटना की सूचना आसपास के लोगों ने पराऊगंज चौकी प्रभारी सुरेंद्र भाई पटेल को दिया। जिसको सुनकर मौके पर हमराहियों के साथ पहुंचकर घायल महिला को उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजवा दिया एवं दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई हेतु जेसीबी के माध्यम से चौकी पर ले गए। घटना इतनी तेज थी कि दोनों वाहन पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गए तथा वाहन मे बैठे सभी यात्री सुरक्षित थे और वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए।

घटनास्थल पर दोनों वाहन के उड़े परखच्चे महिला को आई गंभीर चोट

मनबढ़ों ने तोड़ा निर्माणाधीन गौशाला का पीलर

पिपरौली के बांसपार में हो रहा अस्थाई गौशाला निर्माण, प्रधान प्रतिनिधि ने 2 क्विंटल सरिया और दस बोरी सीमेंट चुरा ले जाने का लगाया आरोप

प्रखर सहजनवां,गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बांसपार-माही में बन रहे अस्थाई गौशाला के बाउंड्रीवाल पीलर को अराजक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर वहां रखे सरिया और सीमेंट को उठा ले गए। जानकारी होने पर ग्रामप्रधान प्रतिनिधि गंगा पांडेय ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के बांसपार-माही में मनरेगा द्वारा अस्थाई गौशाला का निर्माण चल रहा हैं। रविवार कि रात कुछ अज्ञात लोगों ने निमार्णाधीन गौशाला के बाउंड्रीवाल में लगे दर्जन भर पिलरों को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। और वहां रखा दो क्विंटल सरिया व दस बोरी सीमेंट उठा ले गए। सुबह तोड़फोड़ व चोरी की जानकारी होने पर मौके पहुंचे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गंगा पाण्डेय ने बताया कि ग्राम पंचायत में करीब तेरह लाख रू के लागत से अस्थाई गौशाला बनना है, कार्य पूर्ण करने की अवधि 31 दिसंबर तय हैं। अज्ञात लोगों द्वारा करीब तीस हजार रू का नुकसान किया गया हैं। उन्होंने इस घटना की जानकारी गीडा पुलिस को दी है। मौके पर पहुंची गीडा पुलिस ने घटना स्थल की जांच कर आगे की कार्यवाही में जुट गई हैं। इस संबंध में गीडा थाना का प्रभार देख रहे एस एस आई एस के राय ने बताया कि मौके पर पुलिस पहुंचकर निरीक्षण की है पिलर टूटी हुई है ,कुछ गिरी हुई है। बाकी पुलिस जांच कर रही है।जांच करके विधिक कार्रवाई की जाएगी।

24 गोवंश, फर्जी नंबर प्लेट लगाए टाटा ट्रेलर संग 2 गो-तस्कर गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष भाँवरकोल के नेतृत्व में मंगलवार को थाना भांवरकोल पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान 24 राशि गोवंश, एक फर्जी नंबर प्लेट लगाएं टाटा ट्रेलर ट्रक के साथ 02 नफर गो-तस्कर को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे निकास द्वार पखनपुरा से गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार अभियुक्तगण में तहसीम पुत्र नजीर नि0 ग्राम बघरा थाना तितावी जनपद मुजफ्फरनगर हालपता ससुराल ग्राम बुढ़ना थाना तितावी जनपद मुजफ्फरनगर, इनाम कुरैशी पुत्र इदरीश नि0 ग्राम सम्बल हेड़ा थाना मीरापुर जनपद मुजफ्फरनगर के विरुद्ध थाना स्थानीय पर धारा 3/5अ/5ब/8 गोवंश निवारण अधिनियम व 419/420 भादवि पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ' गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक ओमवीर सिंह थाना भाँवरकोल, उप निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार दुबे थाना भाँवरकोल, हेड कांस्टेबल हंसाराम यादव थाना भाँवरकोल, कांस्टेबल आकाश कुमार सिंह थाना भाँवरकोल, कांस्टेबल नितेश कुमार थाना भाँवरकोल, कांस्टेबल राहुल पाल थाना भाँवरकोल, कांस्टेबल प्रदीप कुमार थाना भाँवरकोल, कांस्टेबल आकाश कुमार थाना भाँवरकोल जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

2047 तक देश बनेगा विकसित भारत, मोदी है तो मुमकिन है : कृष्ण बिहारी रॉय

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आज जखनिया ग्राम सभा में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन शिव मंदिर पर हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यअतिथि द्वारा माँ वीणा वादिनी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर-के किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गाजीपुर भाजपा लोकसभा संयोजक कृष्ण बिहारी रॉय ने कहा कि यह देश का यह अमृत काल चल रहा है, देश के जन सेवक सबके दुख सुख के साथी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का किसान, नौजवान, गरीब, शोषित, वंचित आदिवासी, माताओ, बहनों, छोटे उद्यमियों के जन कल्याण के लिए भारत सरकार द्वारा कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ करोड़ों करोड़ों लोगों को मिल रहा है। कृष्ण बिहारी ने दावे के साथ कहा कि जितना पक्का आवास, हर घर शौचालय, आयुष्मान कार्ड द्वारा लोगों का इलाज, हर गांव घर बिजली और छोटे उद्यमी को मोदी के गारंटी पर रोजगार करने के लिए पैसा किसानों को सम्मान निधि मिला है पूर्व की किसी सरकार ने इतना काम कभी नहीं किया है। वर्मा ने कहा भारत की आत्मा देश के गांव में बसती है, जब तक गांव का हर व्यक्ति खुशहाल नहीं होगा देश

विकसित नहीं हो सकता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में शपथ लेते ही अपना पूरा जीवन देश की जनता और गरीबों को समर्पित कर दिया। आज उनकी देन है देश गरीबों का उत्थान करते हुए प्रगति की राह पर चल पड़ा है। आज मोदी के नेतृत्व में देश खुशहाल हुआ है, भय, भ्रष्टाचार, आतंकवाद खत्म हुआ है और देश नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है की आजादी के 100 वर्ष 2047 में पूरे होने जा रहे हैं, अपना देश विकसित देश बने और विश्व का सबसे मजबूत शक्तिशाली देश बने, और यह तभी सम्भव है जब सबका साथ मिलेगा, सबका विकास होगा। विकसित भारत यात्रा के विधानसभा संयोजक सुशील सिंह ने कहा पूर्व की सरकारें किसानों नौजवानों की बात सबसे करते थे पर उनके जीवन में परिवर्तन लाने का काम नरेंद्र मोदी ने किया है। आज सरकार की सारी योजनाएं शत प्रतिशत लोगों तक पहुंच रही हैं। जो योजना जानकारी के अभाव में नहीं पहुंच पा रही है तो यह मोदी की गाड़ी आई है इन योजनाओं से अवगत हो और जो भी अपने भाई उसके पात्र हैं इन योजनाओं का लाभ उठाएं। कार्यक्रम को भाजपा जिला अध्यक्ष विपिन सिंह व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रमोद वर्मा व्यापारी नेता अशोक गुप्ता ने भी संबोधित किया और लोगों से जन कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ने की अपील की। इस मौके खंड विकास अधिकारी संजय गुप्ता, जखनिया ग्राम प्रधान नंदलाल गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष उमाशंकर यादव, मंडल महामंत्री पियूष सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता इंद्रदेव कुशवाहा, दयाशंकर सिंह, अवधेश यति, कैलाश वर्मा, सुदामा यादव, विजय मद्धेशिया, पाचू कुशवाहा, प्रशांत सिंह, दीपक राम, चंदा देवी, दुर्गावती देवी, मिथिलेश यादव, हेमलता भारती, निर्मला देवी, पंकज सिन्हा, हरि राम सहित ग्राम सभा के प्रमुख लोग सभी विभागों के सरकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अध्यक्षता उमाशंकर यादव संचालन प्रधानाचार्य अजित सिंह ने किया।

प्रदेश के राशन डीलरो को मिले 300 रू. कुन्तल कमीशन : गिरीश तिवारी

प्रखर गाजीपुर। आल इंडिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन उत्तर प्रदेश के जनपद गाजीपुर के कोटेदारों की एक बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश तिवारी ने कहा कि प्रदेश सरकार 300कुन्तल कमीशन मिले। अगर सरकार ऐसा नहीं करती हैं तो 1जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे प्रदेश के कोटेदार तथा 16जनवरी को रामलीला मैदान दिल्ली में देश के राशन डीलर विशाल धरना प्रदर्शन करेंगे। कोटेदार इस समय बहुत ही आर्थिक स्थिति से पीड़ित हैं। बैठक में उपस्थित लोगों ने हड़ताल का समर्थन किया। बैठक में जिला अध्यक्ष नरेंद्र पाल सिंह प्रदेश सचिव कमलेश पांडेय मध्यमेश्वर पाण्डेय जिला मिडिया प्रभारी आशुतोष सिंह वाराणसी के जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी पाण्डेय जिला सचिव अशोक कुमार राजू तमाम कोटेदार उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

चिकित्सा व समाजसेवा के क्षेत्र में किये गए उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. संध्या यादव युनिवर्सल लाइफ टाइम अचीवमेन्ट सम्मान से सम्मानित

प्रखर वाराणसी। चिकित्सा व समाजसेवा के क्षेत्र में किये गए उत्कृष्ट योगदान के लिए चिकित्सा विज्ञान संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की पुर्व सीनियर रेसिडेन्ट एवं वरिष्ठ प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. संध्या यादव को युनिवर्सल हिन्दी, साहित्य, संगीत, कला, संस्कृति अकादमी व हिन्दी सेवा समिति, पन्जीर्क्त सम्बलपुर, उड़ीसा द्वारा दिनांक 25 दिसम्बर, 2023 को युनिवर्सल लाइफ टाइम अचीवमेन्ट सम्मान से सम्मानित किया गया। जे पी मल्टीस्पेशलिटी होस्पिटल की मुख्य चिकित्सक डॉ. संध्या यादव ने समय-समय पर अपने सहयोगियों के साथ मिलकर गरीब बस्तियों में सेवा भाव के साथ निशुल्क चिकित्सा शिविर में महिलाओ को मुफ्त चिकतसीय परामर्श, जांच व दवाइयां उपल्ब्ध करवाई हैं। गौरतलब हो कि आप गांव गांव जाकर लोगों को रोगों से बचाने के साथ ही उनके स्वास्थ की देखभाल कर रहें हैं। महिला रोगों पर इनके आलेख पत्र पत्रिकओं में प्रकाशित होते रहते हैं। इसके साथ ही इनके महिला रोगों के रोकथाम व उसके उपचार पर कई राष्ट्रीय व अर्न्तराष्ट्रीय पत्र पत्रिकाएं में प्रकाशित होते रहते हैं।

प्राचीन दुर्गा माता मंदिर मे हुआ महाभंडारा

प्रखर चंदवक जौनपुर। चंदवक थाना क्षेत्र के पुरानी बाजार प्राचीन दुर्गा मांता मंदिर के प्रांगण में मनाया गया महाभंडारा हर साल की भाती इस साल भी भंडारे का आयोजन किया गया। प्राचीन दुर्गा माता मंदिर के प्रागंण मे भक्तों द्वारा पुरे बाजार के सौजन्य से मनाया गया जहां महाभंडारा मे करीब दस हजार की संख्या मे माता जी का प्रसाद ग्रहण किया।चंदवक बाजार से लेकर डोभी के सभी क्षेत्र के लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया सभी गाँवों से दस हजार की संख्या लोगों ने माता का प्रसाद ग्रहण किया।प्राचीन दुर्गा माता का महाभंडारा का देख रेख कर ग्राम प्रधान चंद्रीका यादव,पूर्व जिलापंचायत सदस्य विरेन्द्र कुमार जोशी, राजू मास्टर,धीरज गुप्ता, संजय यादव, संजय गुप्ता, रमेश जायसवाल ,साकेत यादव, आदि हजारों की संख्या में भक्तगणं लगें रहे।

वाराणसी काशी विश्नाथ परिसर के त्रम्बकेशवर हॉल में सीपीआर के ट्रैनिग का किया गया आयोजन

प्रखर वाराणसी। राजकीय चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवशक्ति द्विवेदी व बृहस्पति फाउंडेशनसे अमित प्रजापति के सहयोग से सीपीआर कि ट्रेनिंग का आयोजन हुआ डॉ शिवशक्ति द्विवेदी ने बताया कि बढ़ती ह्रदय घात को देखते हुए सीपीआर की जानकारी होनी चाहिए जिससे किसी के जीवन को बचाया जा सके` बृहस्पति फाउंडेशन से अमित प्रजापति , शिव यादव , रोहित सोनी ,गौरव द्विवेदी , पंडित सुमित आदि लोग मौजूद रहे।

राधाकृष्ण संजय यादव को सपा में उ0प्र0 की राज्य कार्यकारिणी में बनाया गया प्रदेश सचिव

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से श्री राधाकृष्ण संजय यादव निवासी एस-8/392 डी-3 खजुरी पाण्डेयपुर वाराणसी को समाजवादी पार्टी उ0प्र0 की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित किया गया।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने निधन पर भेजा शोक संदेश पत्र

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। सपा कार्यकर्ताओ के दुख सुख मे सदैव तत्पर रहकर अपने कार्यकर्ताओ का ख्याल रखने वाले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नेता विरोधी दल (उ.प्र. विधान सभा) अखिलेश यादव महिला कार्यकर्ता मीरा सेठ के निधन पर अपनी ओर से शोक संदेश पत्र भेजकर शोक व्यक्त किया है। स्व. मीरा सेठ का निधन विगत दिनो कैंसर की बिमारी के कारण निधन हो गया था निधन की जानकारी सपा प्रमुख अखिलेश यादव को सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा एवं व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने फोन कर अवगत कराया था` सपा नेताओ के सूचना पर अखिलेश यादव ने पत्र भेजकर शोक व्यक्त किया है।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं